रांची, शुक्रवार

15.05.2026

वर्ष : 11, अंक : 162, पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | @bihanbharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988


## संक्षिप्त खबरें

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, तीन की मौत

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम टोंककला के समीप स्थित एक पटाखा फैक्टरी में गुरुवार को जोरदार विस्फोट होने के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्टरी को सील कर दिया है, जबकि पुलिस ने फैक्टरी मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### महाराष्ट्र विधान परिषद में दस नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**मुंबई।** विधान परिषद के द्वि-वार्षिक चुनाव में 9 और उप-चुनाव में एक सहित कुल 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को विधान भवन के मध्यवर्ती सभागृह में सम्पन्न हुआ। विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसमें भाजपा से 6, और अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सहित कई मंत्री उपस्थित थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायक जिशान सिद्दीकी ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। विधान परिषद की 10 सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इनमें 09 सीटों के लिए नियमित चुनाव और एक सीट के लिए उप-चुनाव घोषित किया गया था। 12 मई 2026 को मतदान होना था लेकिन सभी दस सीटों के लिए केवल 10 उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने के कारण चुनाव निर्विरोध हो गया।

### केरल के नए मुख्यमंत्री बने वी डी सतीशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केरल इकाई के वरिष्ठ नेता वी डी सतीशन राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस आलकमान ने पार्टी की प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ लंबी मंत्रणा के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगाई। केरल के लिए पार्टी के पर्यवेक्षकों अजय माकन और मुकुल वासनिक तथा पार्टी प्रभारी दीपा दासमुंशी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में सतीशन के नाम की घोषणा की।

## झारखंड में 20 जून से शुरू होगा एसआईआर, चुनाव आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

**रांची :** निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है. इसके तहत झारखंड समेत 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कराया जाएगा. झारखंड में यह प्रक्रिया 20 जून से शुरू होगी और 7 अक्तूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा.

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, झारखंड में 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे. इसके बाद पांच अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी. दावे और आपत्तियां पांच अगस्त से चार सितंबर तक लिये जाएंगे. सभी दावों और आपत्तियों के निबटारे के बाद सात अक्तूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी.



निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर फेज-क्क्क के दौरान देशभर में लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा. इसके लिए 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर और 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) लगाए जाएंगे. राजनीतिक दलों को भी प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए नियुक्त करने की अपील की गई है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हो सके.

आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में कुल 2 करोड़ 64 लाख 89 हजार 777 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा. इसके लिए राज्य में 29,571 बीएलओ तैनात किए जाएंगे, जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से 21,644 बीएलए लगाए जाएंगे. चुनाव आयोग का कहना है कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी की जांच करेंगे और आवश्यक सुधार दर्ज करेंगे.

झारखंड में एसआईआर कार्यक्रम के तहत तैयारी, प्रशिक्षण और प्रिंटिंग का कार्य 20 जून से 29 जून 2026 तक चलेगा. इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक इछ्ड घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे. इस दौरान मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन) भी किया जाएगा.

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार झारखंड में 5 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी. इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया जाएगा. वहीं, दावे और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया 3 अक्टूबर 2026 तक चलेगी.

सभी दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद 7 अक्टूबर 2026 को झारखंड की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी. आयोग का कहना है कि इससे चुनावी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी.

निर्वाचन आयोग ने कहा कि एसआईआर एक सहभागी प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी सभी की अहम भूमिका होती है. आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त करने की अपील की है ताकि प्रक्रिया में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सके. आयोग ने यह भी कहा कि पहले दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 59 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है.

### झारखंड में अनधिकृत भवनों के नियमितीकरण का ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च

## जी प्लस टू और 300 वर्गफीट से कम में बने मकानों का ही होगा नियमितीकरण

बिभा संवाददाता

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन से झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली,2026 के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह योजना उन लोगों के लिए राहत है जिन्होंने बिना नक्शा पास कराए मकान बना लिए हैं। अब लोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर अपना मकान नियमित करा सकेंगे। सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की प्रबल इच्छाशक्ति थी कि राज्य के लोगों को राहत देते हुए अनियमित मकानों को नियमितीकरण करने का एक मौका जरूर दिया जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर नगर विकास विभाग ने बड़े कठिन और अथक प्रयासों के बाद यह योजना तैयार हुई है और अब ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ हो गया है। लोग अब पोर्टल के माध्यम से अपने मकानों के नियमितीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और अपने मकानों को




नियमित करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का समर्थन और सहयोग जरूरी है ताकि इस योजना को सफल बनाया जा सके।

मंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों का अनुपालन में जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण का उद्देश्य अनियमितीकरण को बढ़ावा देना नहीं है बल्कि जो लोग बिना नक्शा और मास्टर प्लान के अपना मकान बना लिए है ये उन लोगों के लिए एक मौका है। सरकार ने नियमितीकरण नियमावली को बहुत ही सरल और लिबरल बनाया है और नियमित करने में लगने वाली राशि को भी तीन किस्तों में भुगतान का प्रावधान कर लोगों को राहत देने का काम किया है। इसके उद्देश्य को पूरा करना हम सब की जवाबदेही है।

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास को गंभीरता से ले रही है। शहर की सूरत बदल रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है । रांची में 3 फ्लाइओवर बन कर तैयार हैं, सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाइओवर भी ऑनगोइंग है । अरगोड़ा , करमटोली और हरमू 3 नए फ्लाइओवर की स्वीकृति मिल चुकी है। जमशेदपुर और धनबाद में भी फ्लाईओवर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का निदेश है कि शहरीकरण अव्यवस्थित ढंग से ना हो। रोड ,फुटपाथ , टाउनहॉल, नाली सभी व्यवस्थित हों। शहरों में उन्नत बस स्टैंड हो। इस दिशा में काम जारी है। म्युनिसिपल के रेवन्यू बढ़ाने पर भी फोकस है । मानव संसाधन पर भी जोर दिया जा रहा है ।टाउन प्लानर , इंजीनियर आदि की नियुक्ति सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण नियमावली 2026 को हम योजना कह सकते हैं। इससे लोगों को एक बार मौका दिया जा रहा है कि वे अपने मकानों को नियमित करा सकेंगे। उन्होंने इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी। कहा कि इसके शुभारंभ से लेकर 2 माह के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना है और 6 माह के अंदर नियमितीकरण का निर्णय लिया जा सकेगा ।साथ ही जी प्लस टू और 300 वर्गफीट से कम में बने मकानों का ही नियमितीकरण होगा ।

डायरेक्टर सूडा सूरज कुमार ने कहा कि भवन नियमितीकरण नियमावली -2026 सरकार का ऐतिहासिक कदम है ।किसी कारण से लोगों ने अपने मकान को बिना नक्शा पास कराए बना लिया है ,ऐसे अनाधिकृत रूप से बने भवन का नियमतीकरण का निर्णय सरकार ने लिया है ताकि झारखंड के नागरिकों को राहत पहुंचाई जाय। भवन नियमितीकरण योजना का लाभ सभी लोग उठायें । झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली,2026 का लाभ लेने के लिए पोर्टल का शुभारंभ हो गया है। इस पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन के लिए दो माह का समय है।राशि का भुगतान भी किस्तों में कर सकेंगे ।सरकार ने लोगों को राहत देने के उद्देश्य से ऐसा प्रावधान किया है। इस अवसर पर पोर्टल पर किस प्रकार आवेदन करना है इसका लाइव डेमोंस्ट्रेशन निदेशक सूडा सूरज कुमार ने मंत्री के समक्ष दिया । इस अवसर पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ज्ञानेंद्र कुमार , अपर सचिव जुल्फिकार अली , धनबाद नगर आयुक्त आशीष सहित नगर विकास एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के पदाधिकारी और फिक्की के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते: राजनाथ


एजेंसी

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद 'कलम और कवच' में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है।

रक्षा मंत्री ने कहा , कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं।

वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर श्री सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी-आधारित होता जा रहा है ।उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के



सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया।

उन्होंने कहा, ऐसी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास आवश्यक है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए श्री सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को ब्रिक्स देशों तथा अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने मुलाकात की।उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची, इथियोपिया के विदेश मंत्री गेदियन तिमोथियोस हेसेबोन और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो सहित अन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 14-15 मई तक जारी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मणयम जयशंकर कर रहे हैं। इस वर्ष का विषय है- लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण। इसका उद्देश्य भारत की बढ़ती कूटनीतिक सक्रियता तथा इस समूह का रणनीतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित दृष्टिकोण दशार्ता है।

इस दौरान रूस, ईरान, इंडोनेशिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और अन्य ब्रिक्स भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

## देश में एलपीजी की आपूर्ति सुचारू, कहीं से आपूर्ति ठप होने की रिपोर्ट नहीं: केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद पूरे देश में पर्याप्त मात्रा में कच्चा तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण



कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी के आयात पर असर पड़ा है। हालांकि, भारत सरकार ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसके चलते हमारे पास पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है। किसी भी रिटेल आउटलेट या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर स्टॉक खत्म होने (ड्राई-आउट) जैसी कोई स्थिति सामने नहीं आई है।

शर्मा ने बताया कि सप्लाई चेन में रुकावटों को कम करने के लिए कमर्शियल एलपीजी की बहाली लगभग 70 फीसदी तक पहुंच गई है।उन्होंने बताया कि इस साल मार्च से अब तक सात लाख से ज्यादा एलपीजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि लगभग सात लाख 50 हजार नए ग्राहकों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में लगभग एक करोड़ 40 लाख एलपीजी बुकिंग मिलीं, जिनमें से लगभग एक करोड़ 39 लाख बुकिंग पूरी कर दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस महीने की पहली तारीख से लगभग 83 हजार 500 टन कमर्शियल एलपीजी बेची गई है, जबकि पिछले तीन दिनों में 23 हजार 820 टन से ज्यादा एलपीजी बेची गई।

वहीं, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि भारत के लिए कार्गो ले जा रहे दो एलपीजी के जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है और उनके 16 और 18 मई को क्रमशः कांडला और न्यू मैंगलोर बंदरगाहों पर पहुंचने की उम्मीद है।

## ट्रंप का दावा- शी जिनपिंग ने 200 बोइंग विमानों की खरीद पर जताई सहमति

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी विमान निमार्ता कंपनी बोइंग से 200 विमानों की खरीद पर सहमति जताई है। ट्रंप ने इसे अमेरिका के लिए बड़े आर्थिक और रोजगार अवसर के रूप में पेश किया।

फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग ने बातचीत के दौरान 200 ह्लबड़े विमानोंह्व का ऑर्डर देने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि यह सौदा अमेरिकी अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

ट्रंप के मुताबिक, शुरूआत में बोइंग कंपनी 150 विमानों के ऑर्डर की उम्मीद कर रही थी, लेकिन बातचीत के बाद यह संख्या बढ़कर 200 तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि इतने बड़े ऑर्डर से अमेरिका में हजारों नौकरियों को बढ़ावा मिलेगा, खासकर एविएशन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में।

हालांकि, चीन की ओर से अभी तक इस संभावित सौदे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह समझौता कब तक अंतिम रूप लेगा और इसमें किस मॉडल के विमान शामिल होंगे।

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तथा तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बावजूद दोनों देशों के बीच विमानन क्षेत्र में लंबे समय से मजबूत कारोबारी संबंध रहे हैं। चीन दुनिया के सबसे बड़े एविएशन बाजारों में से एक माना जाता है और बोइंग के लिए एक अहम ग्राहक भी रहा है।



### ताइवान पर अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं : मार्को रुबियो

**बीजिंग।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ताइवान को लेकर अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बीजिंग में अमेरिकी और चीनी अधिकारियों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद रुबियो ने यह बयान दिया। एनबीसी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में रुबियो ने कहा कि चीन हर बैठक में ताइवान का मुद्दा उठाता है और अमेरिका भी हमेशा अपना रुख स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नजर में ताइवान की मौजूदा स्थिति में किसी भी तरह का जबरन बदलाव दोनों देशों के लिए नुकसानदायक होगा। रुबियो ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच ह्लरणनीतिक स्थिरताह्व बनाए रखना बेहद जरूरी है और दोनों पक्ष इस बात से सहमत हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि ताइवान को हथियारों की बिक्री का मुद्दा दोनों देशों के संबंधों में संवेदनशील बना हुआ है।

### अमेरिका का दावा- होर्मुज नाकेबंदी के बाद 70 जहाजों का रास्ता बदला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव और कथित नाकेबंदी के बाद अब तक करीब 70 व्यापारिक जहाजों ने अपना मार्ग बदल लिया है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए समुद्री यातायात पर बड़ा असर पड़ा है। सेंटकॉम के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने इस दौरान चार जहाजों को डिएक्टिव भी किया है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इन जहाजों के खिलाफ किस प्रकार की कार्रवाई की गई या उन्हें किस कारण से रोका गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों के दौरान कई व्यापारिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दी गई। ईरानी पक्ष का कहना है कि इनमें चीन से जुड़े कुछ जहाज भी शामिल थे। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में गिना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का सैन्य तनाव या नाकाबंदी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और वैश्विक व्यापार पर सीधा असर डाल सकती है।

### पेट्रोल, डीजल, एलपीजी के दाम बढ़ने से अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति आठ प्रतिशत के पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के कारण थोक बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में भारी उछाल के परिणामस्वरूप अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर साढ़े तीन साल के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गयी।\ अक्टूबर 2022 (8.39 प्रतिशत) के बाद पहली बार थोक महंगाई आठ फीसदी के पार दर्ज की गयी है। इससे पहले मार्च 2026 में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 की तुलना में इस साल अप्रैल में पेट्रोल की थोक कीमत 32.40 प्रतिशत बढ़ गयी। डीजल की महंगाई दर 25.19 प्रतिशत और रसोई गैस (एलपीजी) की 10.92 प्रतिशत पर रही।

कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की थोक महंगाई दर 67.18 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस वर्ग में कच्चा तेल 88 फीसदी महंगा हुआ। तिलहनों के दाम भी 22.24 प्रतिशत और खनिजों के 12.15 प्रतिशत बढ़े।

खाने-पीने की चीजें सस्ती हुई हैं। आलू की कीमत एक साल पहले के मुकाबले 30 प्रतिशत और टमाटर की 26 प्रतिशत घट गयी। दालें भी चार फीसदी सस्ती हुई हैं। अनाजों के दाम भी घटे हैं।

सब्जियों के दाम में 0.53 प्रतिशत की मामूली सालाना वृद्धि दर्ज की गयी। फल 0.21 प्रतिशत सस्ते हुए। वहीं, अंडा, मांस और मछली के दाम 6.68 प्रतिशत और दूध के 2.56 प्रतिशत बढ़ गये। विनिर्मित वस्तुओं में कपड़ों की थोक महंगाई दर 7.30 प्रतिशत रही। तंबाकू उत्पाद 5.67 प्रतिशत महंगे हुए। रसायन और रसायन उत्पादों के दाम एक साल पहले के मुकाबले 5.09 प्रतिशत बढ़े।

# होमगार्ड नियुक्ति में पारदर्शिता और शीघ्र रिजल्ट जारी किया जाय : देवेन्द्र



बिभा संवाददाता

**सिल्ली :** राँची जिला में 1614 पदों में भर्ती हेतु चल रही होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक देरी एवं रिजल्ट प्रकाशन नहीं होने के वजह से हुआ आंदोलन का ऐलान। ऑक्सीजन पार्क मोराबादी में आयोजित सामूहिक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जेएलकेएम नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि राँची जिला होमगार्ड नियुक्ति रिजल्ट प्रकाशन अनावश्यक वजह से विलंब करने के वजह से युवा आक्रोशित है। 16 मई 2026 को समय दिन 11 बजे से राँची मोराबादी मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक अधिकार यात्रा करते हुए उपायुक्त कार्यालय का महाघेराव किया जाएगा। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने यह भी कहा कि राँची जिला के हजारों युवा होमगार्ड का सपना साकार करने को लेकर लंबे समय से प्रैक्टिस किया, कड़ी मेहनत किया नियुक्ति प्रक्रिया के सभी चरणों को पूरा किया। लेकिन अभी तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं किया गया। युवाओं के मेहनत,धैर्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।

## एसआईआर जागरूकता अभियान को लेकर रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

बिभा संवाददाता

**रांची।** जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद की अध्यक्षता में मुडमा में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रक्फ़ जागरूकता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना तथा लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू करना था।

बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की ओर से पूरे जिले के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं, ताकि आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, मुस्लिम, ओबीसी वर्ग सहित अन्य सभी समुदायों के लोग अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। रक्फ़से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी और सहायता के लिए लोग इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। शमीम अख्तर आजाद - 8877135731 रहमतुल्ला अंसारी (खिजरी) - 7992310326



इरशाद इमाम (मांडर) - 8051063698 जसीम अंसारी (रातु) - 8340239134 सलामत अंसारी (कांके) - 87895667827 अब्दुल इमाम अंसारी (अनगड़ा) - 6201344532 जुल्फिकार अंसारी (चानहो) - 9661878708 मुबारक अंसारी (ओरमांझी) - 9798392211 यूनुस अंसारी (बुड़मू) - 9939602922.

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को जागरूक कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत व्यवस्था तैयार करना जरूरी है। हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर का असर: महज एक घंटे में मिली लापता बच्ची अनुष्का कुमारी



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र से लापता हुई 6 वर्षीय बच्ची अनुष्का कुमारी को पुलिस और मीडिया की तत्परता से महज एक घंटे के अंदर सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बच्ची के पिता प्रदीप उरांव ने बेटी के अचानक घर से गायब होने के बाद बेड़ो थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेड़ो थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। वहीं मीडिया के माध्यम से बच्ची की सूचना सोशल मीडिया ग्रुप और क्षेत्र में तेजी से प्रसारित की गई। खबर फैलते ही लोगों की नजर बच्ची पर पड़ी और चनगनी गाँव में बच्ची होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही बेड़ो थाना की टीम तुरंत चनगनी गाँव पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अपने साथ थाना लाई। इसके बाद थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव ने बच्ची को उसके पिता एवं परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। बेटी के सकुशल मिलने के बाद परिवार की आंखों में खुशी के आंसू देखने को मिले। बच्ची के पिता प्रदीप उरांव एवं परिवार के सदस्यों ने बेड़ो थाना पुलिस और पत्रकारों का दिल से आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि पुलिस की सक्रियता और मीडिया के सहयोग से उनकी बेटी इतनी जल्दी मिल सकी। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जब पुलिस, मीडिया और समाज मिलकर प्रयास करते हैं, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है।

## डीसी से मिले संजीव सरदार, पोटका के शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी जमशेदपुर से हटाकर पोटका में लगाने की मांग

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर :** पोटका विधायक संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की जनगणना ड्यूटी को लेकर पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त से मिल कर महत्वपूर्ण मांग उठाई है। विधायक ने कहा है कि स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार मिल रही शिकायतों के अनुसार पोटका प्रखंड के कई शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य हेतु जमशेदपुर क्षेत्र में लगा दी गई है, जिससे ग्रामीण विद्यालयों में पठन-पाठन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। विधायक ने शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों की ड्यूटी पोटका प्रखंड में ही निर्धारित करने का आग्रह किया है। विधायक ने कहा की कि पोटका प्रखंड के कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी जमशेदपुर में जनगणना ड्यूटी सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होंगी और छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। विधायक ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं हो, इसके लिए स्थानीय शिक्षकों की ड्यूटी स्थानीय क्षेत्र में ही लगाई जानी चाहिए।

संजीव सरदार ने कहा है कि इस विषय को लेकर ग्रामीणों, अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर ही जनगणना कार्य में लगाया जाए तो शिक्षा व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी और जनगणना कार्य भी बेहतर तरीके से संपन्न हो सकेगा। विधायक ने उपायुक्त से मांग की है कि पोटका प्रखंड के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की ड्यूटी जमशेदपुर से हटाकर पोटका प्रखंड में ही निर्धारित की जाए, ताकि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था सामान्य बनी रहे और जनआक्रोश भी शांत हो सके।

# संक्षिप्त खबरें

### रेल यात्री संघर्ष समिति ने 17 को साकची में हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने को लेकर की बैठक



**जमशेदपुर(बिभा)।** रेल यात्री संघर्ष समिति की गुरुवार को गरम नाला में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नीरज सिंह ने की। बैठक में 17 मई को साकची गोलचक्कर में आयोजित होने वाले हस्ताक्षर अभियान सह प्रदर्शन के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बारे में नीरज सिंह और अजय कुमार ने बताया कि रेल यात्रियों की समस्या को मजबूती से उठाने और उनके समाधान के लिए सोशल मीडिया पर जोर शोर से प्रचार किया जाएगा। रेल प्रशासन अगर हस्ताक्षर अभियान की गंभीरता को नजरअंदाज करेगा तो समिति के लोग रेल महाप्रबंधक के दफ्तर में जाकर समाधान खोजेंगे। बैठक में सुनील सिंह, मनोज सिंह, रत्नेश सिंह, संजीव कुमार, सौरभ कुमार, विवेक पाण्डेय, शत्रुघ्न गिरी, राघवेंद्र प्रताप सिंह और संतोष साह शामिल हुए।

### ब्राह्मण समाज भवन का भूमि पूजन, विधायक मंगल कालिंदी ने रखी आधारशिला



**जमशेदपुर (बिभा)।** छोटागोविंदपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को गुरुवार को नया आयाम मिला, जब समाज भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। विधायक निधि से बनने वाले इस भवन की आधारशिला विधायक मंगल कालिंदी ने रखी। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी ने शिलापट्ट का अनावरण कर भवन निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज लंबे समय से एक सामुदायिक भवन की मांग कर रहा था, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक आयोजनों का केंद्र बनेगा। विधायक ने कहा कि भवन बनने के बाद धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन में समाज को सुविधा मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी समुदायों के विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात भी कही।भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह, नवमी सिंह और सतवीर सिंह बग्गा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भवन निर्माण की पहल को समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसकी सराहना की। वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने भवन निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताया।


### कदमा में सड़क किनारे मिला दिव्यांग बच्चा, मां की तलाश में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर(बिभा)।** कदमा थाना क्षेत्र के फार्म एरिया में गुरुवार सुबह एक दिव्यांग बच्चा सड़क किनारे अकेला मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार एक महिला बच्चे को वहां छोड़कर चली गई थी। काफी देर तक महिला के वापस नहीं लौटने पर आसपास के लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी और वे उसके पास पहुंचे। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस फिलहाल बच्चे की देखभाल कर रही है और उसे सुरक्षित रखने के लिए जिले की किसी संस्था या गैर सरकारी संगठन से संपर्क कर रही है, ताकि उसके पालन-पोषण की उचित व्यवस्था की जा सके। घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच भावुक माहौल देखने को मिला। बताया गया कि बच्चा काफी देर तक धूप में बैठा रहा, जिससे वह परेशान और प्यासा हो गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पानी पिलाया और खाने के लिए बिस्किट व अन्य सामान दिया। बच्चे की स्थिति देखकर कई लोग भावुक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्चा बार-बार अपनी मां को याद कर रो रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि बच्चे को जल्द सुरक्षित माहौल और उचित देखभाल मिल सकेगी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बच्चे को वहां छोड़कर जाने वाली महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्चे या उसकी मां के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत कदमा थाना से संपर्क करें।

## सीबीएसई 12 वीं में संत माईकल +2 स्कूल मुरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, पूजा दत्ता 89.2% के साथ बनीं स्कूल टॉपर

बिभा संवाददाता




**सिल्ली :** सीबीएसई 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें पूजा दत्ता ने 89.2 % अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। साथ ही शुभम चौधरी 86.2 %, आयुषी कुमारी 86%, रितिका कुमारी 85 % अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्याथीयो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्याथीयो की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य सि. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी खुशी जाहिर की।

## सिल्ली के हलमाद स्थित स्कूल में जंगली हाथियों का उत्पात, दरवाजे-खिड़कियां तोड़ी



**सिल्ली(बिभा):** प्रखंड क्षेत्र के हलमाद स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जालुमबेड़ा, किरकाटांड़ में बुधवार की रात करीब 11 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने विद्यालय परिसर में घुसकर कक्षा दो के दरवाजे, कार्यालय के दरवाजे और खिड़कियों को तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, जब हाथियों को वहां कुछ नहीं मिला तो वे किचन शेड की ओर बढ़ गए। वहां पहुंचकर उन्होंने दरवाजा और खिड़की तोड़ दी और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए रखे चावल और दाल को खा गए। इसके साथ ही बच्चों के भोजन बनाने में उपयोग होने वाले अन्य सामान को भी बर्बाद कर दिया। हाथियों का झुंड जाते-जाते विद्यालय के शौचालय की दीवार को भी गिराकर नुकसान पहुंचाया। इस घटना से विद्यालय को काफी क्षति हुई है और बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ मध्याह्न भोजन व्यवस्था पर भी असर पड़ा है। घटना की सूचना एसएमसी सदस्य एवं सचिव कुमारी रूपन भगत द्वारा वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही बनपाल गौतम कुमार मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर जल्द ही क्षतिग्रस्त दरवाजों और खिड़कियों की मरम्मत के लिए मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही विद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारदीवारी निर्माण की मांग भी की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके और बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## पोटका मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगनाडीहझ्रपोटका मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा टाटा स्टील के कचरा निष्पादन के लिए निमार्णाधीन प्लांट के समीप हुआ, जहां बाइक और कार्य में लगे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई।

मृतकों की पहचान बुकामडीह निवासी जोड़ो माहली उर्फ काला माहुरी तथा काला माहली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भालकी की ओर से अपने गांव बुकामडीह लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले स्थानीय स्तर पर सहायता पहुंचाई गई, फिर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया। लेकिन इलाज के दौरान दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया।

कोवाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार साव ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा था। कार्य में लगे ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण और पाइपलाइन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय निर्माण स्थल पर पर्याप्त चेतावनी संकेत और रोशनी की व्यवस्था नहीं रहने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## समर फन ब्लास्ट में बच्चों ने रचनात्मकता, नेतृत्व और जीवन कौशल का किया शानदार प्रदर्शन

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित गुलमोहर हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर फन ब्लास्ट 2026 का गुरुवार को भव्य और उत्साहपूर्ण समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ रचनात्मकता, अनुभवात्मक शिक्षा, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक जीवन कौशल विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या प्रीति सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन छात्रा चांदनी ने किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने एरोबिक्स गतिविधियों में भाग लेकर फिटनेस, अनुशासन, तालमेल और टीमवर्क का अभ्यास किया।

समर फन ब्लास्ट 2026 की मुख्य आकर्षण 12 अलग-अलग स्किल कैंप रहे, जिनमें डांस, म्यूजिक, पब्लिक स्पीकिंग, कोडिंग, ज्वेलरी डिजाइनिंग, स्टिचिंग एवं क्रोशिया, ब्यूटी एंड हेयर स्टाइलिंग, फायरलेस कुकिंग, क्विजिंग और रैंप वॉक जैसी गतिविधियां शामिल थीं। इन कैंपों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता के साथ-साथ व्यावसायिक और व्यवहारिक कौशल सीखने का अवसर मिला। पब्लिक स्पीकिंग और क्विज प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और संचार क्षमता को मजबूत किया, वहीं संगीत और नृत्य गतिविधियों ने टीमवर्क और अभिव्यक्ति क्षमता को निखारा।

कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित ट्रेजर हंट प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता को पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस तरीके से आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और तकनीक आधारित शिक्षा का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने टीमवर्क, समस्या समाधान और तार्किक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। समापन दिवस ए पेरेंट्स लव थीम पर आधारित रहा। ग्रैंड फिनाले में विद्यालय बैंड ने पृथ्वी सर के मार्गदर्शन में शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, फिटनेस, पब्लिक स्पीकिंग और रैंप वॉक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज की नारी थीम पर आयोजित माताओं की रैंप वॉक कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक हिस्सा रही। विद्यालय पुस्तकालय में आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने फायरलेस कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, क्रोशिया और ज्वेलरी डिजाइनिंग से जुड़ी अपनी रचनाएं प्रदर्शित कीं। कार्यक्रम में ह्लसमर्थ सारथीह्व छात्र नेताओं ने आयोजन प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालते हुए नेतृत्व, समय प्रबंधन और समन्वय क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गतिविधि समन्वयक गार्गी मुखर्जी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अनुनिता, प्रेरणा, मिंकी, विपुल सर और शशिकला सहित शिक्षकों की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीएसआईआर-एनएमएल में मना राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर :** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उत्सव मनाया। यह दिवस देश की वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुमन चक्रवर्ती निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

डॉ. संदीप घोष चौधरी निदेशक, सीएसआईआरझ्र एनएमएल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा भविष्य निर्माण में अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पिछले एक वर्ष में सीएसआईआरझ्र एनएमएल द्वारा विकसित उन तकनीकों की जानकारी भी दी, जो व्यावसायीकरण के लिए तैयार हैं। डॉ. के.के. साहू, समन्वयक, एसीएसआईआर, तथा कार्यक्रम के समन्वयक ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया तथा प्रो. सुमन चक्रवर्ती ने कहा कि भारत की उन्नत डिजिटल क्षमताएँ, सामाजिक-आर्थिक विविधता, ग्रामीण जटिलताएँ, स्वास्थ्य संबंधी असमानताएँ तथा विशाल जनस-ांख्यिकीय ऊर्जा को तकनीकी विकास की दिशा में उपयोग किया जाना चाहिए। प्रो. चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन ह्लविज्ञान सार्वभौमिक है, लेकिन तकनीक स्थानीय होनी चाहिएह्व का उल्लेख करते हुए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप तकनीक विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान का समापन इस संदेश के साथ किया कि वास्तविक तकनीकी प्रगति तब होती है जब तकनीक मानव पीड़ा को कम करे, अवसरों का विस्तार करे, समानता को बढ़ावा दे, पर्यावरण की रक्षा करे तथा मानवता को सशक्त बनाए

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के पीएचडी शोधार्थियों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया तथा टरटए प्रतिनिधियों के लिए संस्थान की विभिन्न सुविधाओं का भ्रमण भी कराया गया। अरका जैन विश्वविद्यालय तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट / अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन संस्थान के छात्र एवं शिक्षक भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। छात्रों के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसीएसआईआर साइंस क्लब द्वारा किया गया।

## बागबेड़ा कॉलोनी में फिर शुरू हुआ डोर टू डोर कचरा उठाव, विधायक के निर्देश पर कार्रवाई

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी में पिछले तीन दिनों से डोर टू डोर कचरा संग्रह वाहन नहीं आने से उत्पन्न समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार को अवगत कराते हुए पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश को निर्देश देकर कचरा उठाव कार्य पुनः प्रारंभ करवाया।

इसी के तहत गुरुवार को बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 1 एवं 2 में घर-घर जाकर कचरा का उठाव किया गया। वहीं शेष रोड में शुक्रवार को कचरा उठाव किया जाएगा। जानकारी के अनुसार रविवार को छोड़कर प्रतिदिन नियमित रूप से कचरा संग्रहण कार्य किया जाएगा।

पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त कचरा संग्रह वाहन उपलब्ध कराने, संचालन समिति गठित करने तथा मासिक बैठक सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इसके अलावा बागबेड़ा कॉलोनी एवं आसपास कई महीनों से जमा कचरे के ढेर को हटाने की भी मांग उठाई गई।

विधायक संजीव सरदार ने मामले की जानकारी मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश को नियमित रूप से कचरा वाहन संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कॉलोनी एवं आसपास जमा कचरे के ढेर को जल्द हटाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने संचालन समिति गठन, मासिक बैठक का स्थान एवं समय निर्धारित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश ने बताया कि कचरा उठाव व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जल्द ही संचालन समिति एवं मासिक बैठक का स्थान और समय तय किया जाएगा। साथ ही कचरा संबंधित समस्याओं एवं सुझावों के आदान-प्रदान के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा।

## मांडर कंदरी मे इंडियन ऑयल के पास खुला तुल्सयान मोटर्स का भव्य शोरूम

बिभा संवाददाता



**मांडर:** मांडर क्षेत्र में ऑटोमोबाइल सेवाओं को नया आयाम देते हुए कंदरी इंडियन ऑयल के निकट तुल्सयान मोटर्स का भव्य शोरूम का विधिवत रूप से खोल दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और मंगल मंत्रोच्चारण के साथ की गई, जिससे पूरे माहौल में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ। तुल्सयान परिवार के मनोज तुल्सयान, पुरनेदु तुल्सयान, किरण तुल्सयान और अलका तुल्सयान ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया।

तुल्सयान मोटर्स का यह नया आउटलेट ग्राहकों को आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोला गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मांडर जैसे क्षेत्र में इस तरह का शोरूम खुलने से न केवल वाहन खरीदना आसान होगा बल्कि सर्विस और मेंटेनेंस की सुविधा भी नजदीक ही मिल सकेगी।

# झारखंड में वेतन मद से फर्जी निकासी के मामले में ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में वेतन मद में ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने ईसीआईआर (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) दर्ज कर ली है। इस ईसीआईआर में रांची, हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी को शामिल किया गया है। इससे वेतन मद मे फर्जी निकासी करने के लिए कानूनी रूप से जिम्मेवार और गलत तरीके से पैसा निकालने के बाद वापस लौटाने वाले अधिकारियों (डीएसपी रैंक के कुछ अफसर) की परेशानियां बढ़ सकती है। पुलिस और एसआईटी की ओर से मामले की जांच के दौरान अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।




उल्लेखनीय है कि प्रधान महालेखाकार (अकाउंटस) चंद्र मौली सिंह ने ट्रेजरी की जांच के दौरान पुलिस महकमे द्वारा वेतन मद में फर्जी निकासी करने की सूचना वित्त विभाग को भेजी थी। पहले भेजी गयी सूचना में सिर्फ बोकारो और हजारीबग ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी की सूचना दी गयी थी।

इस सूचना के बाद राज्य सरकार ने जिला स्तर पर वेतन मद में की गयी निकासी की जांच का आदेश दिया। साथ ही उच्च स्तरीय जांच के लिए उत्पाद विभाग के प्रधान सचिव अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। उच्चस्तरीय समिति की ओर से फिलहाल बोकारो ट्रेजरी से लिये गये दस्तावेज की जांच पड़ताल की जा रही है। सरकार ने उच्चस्तरीय समिति को सिर्फ दो ही जिले से हुई निकासी की जांच का आदेश दिया है। इस बीच प्रधान महालेखाकार ने सरकार को दूसरा पत्र भेज कर राज्य के कुल 12 ट्रेजरी से वेतन मद में हुई निकासी की सूचना दी है। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में भी फर्जी निकासी की आशंका जतायी है। इस सूचना के आधार पर वित्त विभाग ने संबंधित जिलों को जांच करने का आदेश दिया है।

सरकार के आदेश पर वेतन मद में ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के मामले में दर्ज प्राथमिकी की जांच के लिए एक एसआईटी का भी गठन किया है। जिला प्रशासन की ओर से दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रांची में दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पशुपालन विभाग के लेखपाल मुनिंद्र कुमार और उसके करीबी संजीव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुनिंद्र कुमार ने अपने वेतन की फर्जी निकारी मूल वेतन 20-20 लाख रुपये के मूल वेतन के आधार पर भी की है। हजारीबाग में वेतन मद से फर्जी निकासी के मामले में सौरभ सिंह, रजनीश कुमार सिंह, शंभु कुमार, काजल कुमारी, खुशबू सिंह और धीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। बोकारो ट्रेजरी से वेतन मद में फर्जी निकासी के मामले में कौशल पांडेय, सतीश कुमार सिंह और काजल मंडल को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा देवघर ट्रेजरी से स्वास्थ्य कर्मियों के नाम पर फर्जी निकासी के मामले में सबिता कुमारी को गिरफ्तार किया गया जा चुका है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस व जेल हिरासत में मौत-रेप मामलों में न्यायिक जांच अनिवार्य की

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत, जेल में मौत और रेप की घटनाओं में न्यायिक जांच को अनिवार्य कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने आदेश दिया कि अब ऐसे सभी मामलों में ज्यूडिशियल इंक्वायरी अनिवार्य होगी। पहले इन मामलों की जांच एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से कराई जाती थी।

कोर्ट ने अपने आदेश में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) को जेल, पुलिस कस्टडी में मौत या रेप के मामले में नेशनल ह्यूमन राइट कमिशन नई दिल्ली ( एनएचआरसी) की गाइडलाइन के तहत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी ) तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि ऐसे मौत और रेप के मामलों की जांच का कार्यान्वयन सही ढंग से हो।

खंडपीठ ने सरकार की ओर से दिए गए 250 ऐसे मामले जिनमें ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। उसमें जिला जज कारण बताते हुए उच्च न्यायालय को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को पुलिस, जेल कस्टडी में ऐसे मौत या रेप के मामले के संबंध में कई अन्य दिशा निर्देश भी दिए हैं। पूर्व में कोर्ट ने प्रार्थी एवं राज्य सरकार का पक्ष जानने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया था।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने पक्ष रखा था। उनकी ओर से कोर्ट के समक्ष लिखित बहस प्रस्तुत किया गया था। साथ ही उच्चतम न्यायालय के जजमेंट,राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अलावा बीएनएसएस का 196 सब सेक्शन (2) को भी कोर्ट को समर्पित समर्पित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि मामले में पूर्व में गृह सचिव ने एक शपथ पत्र दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि पुलिस कस्टडी एवं जेल कस्टडी में वर्ष 2018 से 2025 के बीच करीब 500 मौत हुई है, इनमें से करीब आधे में ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। इससे पहले कोर्ट ने गृह सचिव से स्पष्ट रूप से यह बताने को कहा था कि राज्य में हुई सभी हिरासत में मौत की घटनाओं में न्यायिक जांच कराई गई है या नहीं।

कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया था कि शपथ पत्र में यह जानकारी दी जाए कि न्यायिक जांच के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का पालन किया गया या नहीं। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मोहम्मद मुमताज अंसारी ने राज्य में जेल या न्यायिक हिरासत में हुई मौत मामले की जांच करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों को सौंपी नई जिम्मेदारी

**रांची(बिभा) :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा अधिसूचित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश विभिन्न कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने अभिजीत राज को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य, आदित्य विक्रम जायसवाल को प्रोफेशनल कांग्रेस एवं झारखंड कांग्रेस न्यूजलेटर से संबंधित कार्य, जयशंकर पाठक को शिकायत निवारण संबंधी कार्य (निगरानी, फॉलो-अप एवं सुविधा प्रदान करना), मनोज सहाय पिंकू को राज्य में कांग्रेस की संपत्तियों के संरक्षण संबंधी कार्य, मती शबाना खातून को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य, सुंदरी तिर्की को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य, सुनीत शर्मा को संगठन एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्य, सुरेन राम को विभाग एवं फ्रंटल संगठनों से संबंधित कार्य, सूर्यकांत शुक्ला को कांग्रेस कनेक्ट सेंटर से संबंधित कार्य तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनैतिक सलाहकार, सच्चिदानंद चौधरी को चेयरमैन प्रदेश कार्यालय और राजन वर्मा का कार्यालय प्रभारी का दायित्व सौंपा है।

### महापौर ने वार्ड 7-8 में दो योजनाओं का किया शिलान्यास



**रांची(बिभा) :** शहर के विकास योजनाओं और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में रांची नगर निगम द्वारा परियोजना की शुरूआत हुई। महापौर रोशनी खलखो ने कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा के उपस्थिति में वार्ड संख्या 07 के अंतर्गत गाड़ीगांव में देवी स्थान से संतोष सिंह के घर होते हुए विपुल के घर तक पीसीसी पथ निर्माण और वार्ड नंबर 08 अंतर्गत महावीर नगर में बिशु गोप के घर से दिना महतो के घर तक आरसीसी एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची के महापौर रोशनी खलखो, विधायक कांके सुरेश कुमार बैठा, वार्ड 07 के पार्षद मीनू देवी,वार्ड 08 के पार्षद किरण खलखो, सुभाष अग्रवाल सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सभी निजी अस्पताल अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल मोड पर लाएं : सिविल सर्जन

**रांची (बिभा) :** सिविल सर्जन कार्यालय में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और एचएमआईएस की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में रांची के करीब 100 निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, आईवीएफ सेंटर और आई अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी निजी अस्पताल अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल मोड पर लाएं। उन्होंने 'स्कैन एंड शेयर' सुविधा को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया, ताकि मरीजों को लंबी लाइनों से राहत मिल सके। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से लिंक किया जाए और डॉक्टरों द्वारा केवल ई-प्रिस्क्रिप्शन ही जारी किए जाएं। राज्य मुख्यालय से पहुंचीं रश्मि नान्दे ने आंकड़ों के माध्यम से निजी अस्पतालों की वर्तमान स्थिति साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह डिजिटल माध्यम अपनाकर अस्पताल अपनी कार्यक्षमता बढ़ा सकते हैं। जिला डेटा प्रबंधक ने भी तकनीकी पहलुओं पर जानकारी साझा की। अस्पतालों की राह आसान बनाने के लिए बैठक में कई सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर्स भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली का डेमो दिया और बताया कि कैसे अस्पताल का डेटा सुरक्षित और डिजिटल रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और निजी क्षेत्रों के स्वास्थ्य संचालक उपस्थित थे।

## झारखंड में ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 लागू करें उपायुक्त : विकास आयुक्त

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में सरकार ने तैयारी तेज कर दी है।

विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिया कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

विकास आयुक्त ने पंचायत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए स्थल चिन्हित कर वहां प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की योजना तैयार करने को कहा। प्रत्येक जिले में दो से तीन क्लस्टर विकसित कर वैज्ञानिक तरीके से कचरे की डंपिंग और प्रोसेसिंग करने का निर्देश दिया गया।



उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी को जोड़ने, पंचायतों की जवाबदेही तय करने और गांव स्तर पर ट्राई-साइकिल और विशेष डिजाइन वाले ई-रिक्शा के उपयोग पर बल दिया। बैठक में डंप साइट की सफाई, पौधरोपण और आबादी एवं जलस्रोतों से दूर प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर विकास विभाग, पर्यावरण विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा पंचायती राज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## झामुमो प्रवक्ता के विवाह समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को रांची के बोडेया स्थित ब्लेसिंग बैंक्वेट एंड रिसॉर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के प्रवक्ता धीरज दुबे और पोटका की अंचल अधिकारी (सीओ) निकिता बाला के विवाह बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवविवाहित दंपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

### झारखंड में 17 और 18 को बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर ऑरेंज अलर्ट



**रांची:** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 मई को बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से 17 और 18 मई को राज्य के जिन जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है उनमें उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ शामिल है। उल्लेखनीय है की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 15 दिनों से बारिश हो रही है इससे गर्मी में कमी आई है। हालांकि बारिश के कारण सब्जियों के फसल को नुकसान हो रहा है।

## सीएमपीडीआई और एमईसीएल के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर



बिभा संवाददाता

**रांची ।** कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे की उपस्थिति में सीएमपीडीआई और एमईसीएल के बीच कोयला और अन्य खनिजों के संवर्धन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इससे दोनों प्रमुख गवेषण एजेंसियों के बीच सहभागिता आगे और बढ़ेगी तथा ऊर्जा एवं गैर-ऊर्जा संबंधी खनिजों की खोज में सुगमता आएगी। इन गवेषण गतिविधियों से कोयला एवं अन्य खनिजों के राष्ट्रीय भंडार में वृद्धि होगी और अधिक खदानें खोलने में सहायता मिलेगी। यह प्रयास भारत की खनिज सम्पदा की खोज कर आत्मनिर्भर भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान गवेषण रिपोर्ट की तैयारी, पूंजीगत व्यय,अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, सीएसआर पहल और सौर परियोजनाएं जैसे विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में किए गए कार्यों को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों के साथ प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मंत्री ने सीएमपीडीआई के प्रदर्शन की सराहना की और भारत में क्रिटिकल मिनरल्स की खोज के साथ, कोयले की गैसीकरण और कोयले की शुष्क धुलाई (ड्राई वाश) को तत्परता से लागू करने पर बल दिया। साथ ही]खानों को बंद करने की गतिविधियों में मछली पालन और मखाना की खेती को बढ़ावा देने पर भी बल दिया ताकि स्थानीय लोगों की आजीविका प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

इस मौके पर सीएमपीडीआई की ओर से संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री चौधरी शिवराज सिंह, निदेशक अजय कुमार,राजीव कुमार सिन्हा, नृपेन्द्र नाथ, आनंद मोहन, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह तथा एमईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक आई0डी0 नारायण के अलावा सीएमपीडीआई, सीसीएल एवं एमईसीएल के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सीसीएल को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से किया गया सम्मानित

बिभा संवाददाता

**रांची।** सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। सीसीएल की ओर से गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह सम्मान सीसीएल के हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित समग्र सामुदायिक विकास परियोजना के लिए प्रदान किया गया, जिसने आसपास के नौ गांवों के लगभग 5000 परिवारों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल के नेतृत्व वाली टीम ने प्राप्त किया। यह सम्मान ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा सतत विकास के क्षेत्र में सीसीएल के उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है।



सीसीएल की ओर से संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए गए। परियोजना के तहत गांवों में तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, वाटरशेड विकास, जैविक खेती को बढ़ावा, पशुधन विकास, सूक्ष्म उद्यमों का सृजन, सौर आधारित पेयजल व्यवस्था तथा सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की गईं।

परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं की सक्रिय एवं नेतृत्वकारी भागीदारी सुनिश्चित की गई। महिला स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया गया। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार की औसत वार्षिक आय में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, रोजगार एवं आय के स्थानीय अवसर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पलायन में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

यह परियोजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने ग्रामीण समुदायों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय संतुलन की भावना को भी मजबूत किया है। जल संरक्षण एवं जैविक कृषि जैसे उपायों ने स्थानीय पर्यावरण को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों की उत्पादन क्षमता एवं आय में भी सकारात्मक प्रभाव डाला है।

सीसीएल निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। कंपनी का विश्वास है कि वास्तविक विकास तभी संभव है जब उद्योग और समुदाय साथ-साथ आगे बढ़ें। सीसीएल सदैव समाज के समग्र उत्थान, ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्ध रही है। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड कंपनी के इसी जनकेंद्रित दृष्टिकोण एवं सतत विकास की भावना का प्रमाण है।

### वट सावित्री व्रत 16 मई को, अखंड सौभाग्य, समर्पण और नारी शक्ति का पावन पर्व

## यह पर्व त्याग, आत्मविश्वास प्रेम और कर्तव्य निष्ठा का देता है संदेश : संजय सर्राफ

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण एवं अखंड सौभाग्य का प्रतीक माने जाने वाला वट सावित्री व्रत इस वर्ष 16 मई दिन शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना हेतु रखा जाता है। भारतीय सनातन परंपरा में यह व्रत नारी के त्याग, तप, निष्ठा और अटूट विश्वास का अद्भुत उदाहरण माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व वट वृक्ष एवं सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पतिव्रता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, तपस्या और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त कर लिए थे। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य और वैवाहिक सुख का प्रतीक बन गया। इस दिन महिलाएं प्रातः स्नान कर नए वस्त्र धारण करती हैं तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करती हैं। वट वृक्ष के तने में कच्चा सूत या धागा लपेटकर परिक्रमा की जाती है और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है।



व्रती महिलाएं निर्जला अथवा फलाहार व्रत रखकर अपने परिवार की सुख-शांति एवं पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।वट वृक्ष को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं जीवनदायी माना गया है। इसकी विशालता, दीघार्यु और सदैव हरा-भरा रहने का गुण जीवन में स्थिरता, समृद्धि और निरंतरता का संदेश देता है। धार्मिक दृष्टि से वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। यही कारण है कि इसकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि भारतीय पारिवारिक मूल्यों, दांपत्य जीवन की मयार्दा और नारी शक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है। यह पर्व महिलाओं को धैर्य, त्याग, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। साथ ही परिवार में प्रेम, विश्वास और आपसी सामंजस्य को मजबूत करने का संदेश भी देता है।वर्तमान समय में जब पारिवारिक संबंधों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में वट सावित्री जैसे पर्व भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहने और पारिवारिक मूल्यों को सहेजने की प्रेरणा देते हैं। यह पर्व समाज को यह संदेश देता है कि सच्चा प्रेम, समर्पण और विश्वास किसी भी कठिनाई को पराजित कर सकता है।आस्था, संस्कृति और पारिवारिक एकता का प्रतीक वट सावित्री व्रत भारतीय सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो आज भी समाज में नारी सम्मान, दांपत्य प्रेम और संस्कारों की ज्योति को प्रज्वलित किए हुए है।

**पूर्व रेलवे**

सं.: ओ-एसी-टी-28 से 29-26-27 (खुली), दिनांक 13.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-28-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा- (i) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के तहत एससीएन1-टीओपी खंड के बीच ब्रिज नंबर 2 (स्पैन 2X24.689 मीटर) के रिगर्डरिंग, जैकेटिंग और सुरक्षा कार्यों के साथ अन्य सहायक कार्य। (ii) बीबीआई लूप में ब्रिज नंबर 35 (4x12.2 मीटर) के स्टील गर्डर को आरसीसी स्लैब द्वारा बदलना एवं अन्य सहायक कार्य। (iii) बीबीआई लूप में ब्रिज नंबर 53डी (2x12.2 मीटर) के स्टील गर्डर को आरसीसी स्लैब द्वारा बदलना एवं अन्य सहायक कार्य। (iv) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के तहत एससीएन1-टीओपी खंड के बीच ब्रिज नंबर 3 के बीजीएमएल गर्डर को बदलना, जैकेटिंग और सुरक्षा कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य और (V) डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/1/अंडाल के तहत यूडीएल में ब्रिज नंबर 20 के लिए पीएससी गर्डर का प्रतिस्थापन और नवीनीकरण एवं सुरक्षा कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 34,75,35,554.41, **बयाना राशि :** रु. 69,50,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-29-26-27, कार्य का नाम:** एक्सईएन/ बीआरएल/ आसनसोल के तहत आसनसोल मंडल में ब्रिज नंबर 2, 49, 75 और 94 आदि के पीएससी गर्डरों पर साइड पाथवे के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 7,68,69,769.65, **बयाना राशि :** रु. 15,37,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-81/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सेक्टर-12 में अवैध डीजल डिपो में लगी आग, प्रशासनिक निगरानी पर उठे सवाल

### डीजल चोरी में पूरी सिंडिकेट संलिप्त

### बालीडीह , पिंड्राजोड़ा , मुफस्सिल , जारीडीह थाना क्षेत्र समेत कई इलाकों में अवैध डीजल कारोबार हो रहा है संचालित

बिभा संवाददाता



**बोकारो:** शहर के सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में बुधवार रात अवैध डीजल डिपो में लगी भीषण आग की घटना ने जिले में संचालित अवैध ईंधन कारोबार को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना सेक्टर-12 स्थित मेडिकेंट हॉस्पिटल के सामने की है, जहां स्थानीय लोगों के अनुसार सेक्टर-12 एफ स्थित एक यूनियन ऑफिस परिसर में अवैध रूप से डीजल भंडारण किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेता एबी राय के यूनियन ऑफिस परिसर में उनके भाई डब्बू राय द्वारा कथित रूप से जमीन कब्जा कर ह्लएबी राय स्मृति उद्यानह्व बनाया गया है। आरोप है कि उसी परिसर में करीब 30 फुट शीट से घिरा अवैध तेल डिपो संचालित किया जा रहा था, जहां चोरी का डीजल रखा जाता था। बुधवार रात लगभग 10:30 बजे वहां रखे अवैध डीजल के ड्रम में अचानक आग लग गई और पूरा डिपो धू-धू कर जलने लगा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के पेड़ों में भी आग पकड़ ली। स्थिति भयावह हो सकती थी, लेकिन बारिश शुरू होने और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त स्थल पर बिना आवंटन के अवैध तेल डिपो बनाया गया था, जहां टैंकरों से चोरी कर डीजल जमा किया जाता था और बाद में 20 लीटर के डिब्बों में इसकी बिक्री की जाती थी। लोगों का कहना है कि यह कारोबार लंबे समय से खुलेआम चल रहा था और संबंधित लोग राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे थे।

सूत्रों के अनुसार जिले पूरी एक सिंडिकेट इसमें कार्यरत है जो बालीडीह थाना क्षेत्र, पिंड्राजोड़ा थाना क्षेत्र, मुफस्सिल थाना क्षेत्र, जारीडीह थाना क्षेत्र समेत कई इलाकों में अवैध डीजल कारोबार संचालित हो रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे इतने बड़े स्तर पर अवैध कारोबार कैसे फल-फूल रहा है।

स्थानीय लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि अवैध डीजल कारोबार में संलिप्त लोगों और संरक्षण देने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही जिलेभर में अवैध तेल डिपो के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर ऐसे कारोबार पर रोक लगाने की मांग भी तेज हो गई है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और 20 हजार का जुर्माना

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश चतुर्थ की अदालत ने हत्या के आरोपी 25 वर्षीय उफान मांझी ग्राम लेदा थाना पिंड्राजोड़ा जिला बोकारो निवासी को एस टी केस नं 25/25 पिंड्राजोड़ा थाना केस नं 348/24 में हत्या में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास और 20 हजार रुपया का जुमार्ना, साक्ष्य छुपाने के जुर्म में सात साल की सजा और सात हजार रुपया का जुमार्ना, छेड़खानी के आरोप में तीन साल की सजा और तीन हजार का जुमार्ना का सुनाया है। ये तीनों सजा साथ साथ मे ही चलेगा । हत्यारा 25 वर्षीय उफान मांझी ग्राम लेदा थाना पिंड्राजोड़ा जिला बोकारो निवासी अपने ही गांव के लड़की को प्रेम जाल में फंसा लिया। लेकिन उसके घर वाले उसकी शादी अन्य लड़के से तय कर दी। उसके बाद हत्यारे ने मृतिका के होने वाले पति को फोन पर शादी नहीं करने की धमकी दी लेकिन वह शादी करने को तैयार रहा। 30/09/24 की रात्री में हत्यारे ने मृतिका को फोन कर अपने घर पर बुलाया और इसके ही फोन से इसके होने वाले पति को विडियो कॉल किया और मृतका के साथ छेड़खानी करते हुए दिखाने लगा ।इसके वह फोन काट दिया। इसके बाद से लड़की लापता हो गई। फिर दिनांक 03/10/24 को हत्यारे के घर के सामने हरि राम मांझी के कुएं से सुबह मृतका मृत बरामद हुई।

## आईटीआई मोड़ के शिव हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत, लापरवाही के आरोप, परिजन सड़क पर

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** चास के आईटीआई मोड़ स्थित शिव हॉस्पिटल पर एक बार फिर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। बुधवार शाम भर्ती एक प्रसूता की गुरुवार सुबह इलाज के अभाव में मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों की अनदेखी, ब्लड चढ़ाने के नाम पर 10 हजार रुपये वसूली और दूसरे अस्पताल ले जाने से रोकने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर आए। अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व मुआवजे की मांग की जा रही है।


पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, चास निवासी एक महिला को बुधवार शाम करीब 3 बजे डिलीवरी के लिए शिव हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दोपहर 4 बजे ऑपरेशन से बच्चा पैदा हो गया, जिसे जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताकर परिजनों को आश्वस्त किया गया। लेकिन कुछ ही देर बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई।

परिजनों ने बताया कि बार-बार डॉक्टरों को बुलाने पर भी कोई नहीं पहुंचा। मोबाइल फोन पर ही इलाज के निर्देश दिए गए। ब्लड चढ़ाने के नाम पर अस्पताल प्रबंधन ने 10 हजार रुपये वसूल लिए। दूसरे अस्पताल ले जाने की अनुमति भी नहीं दी गई। इसी बीच गुरुवार सुबह महिला की मौत हो गई।

गुस्साए परिजनों ने कहा, डॉक्टर बुलाने पर नहीं आए। बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने नहीं दिया गया। लापरवाही से मरीज की जान चली गई। घटना के बाद अस्पताल के कई कर्मचारी व प्रबंधन से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और एसडीएम व सिविल सर्जन से हस्तक्षेप की मांग की है।पहले भी विवादों में रहा अस्पताल शिव हॉस्पिटल पहले भी स्वास्थ्य लापरवाही व अवैध गतिविधियों के कारण चर्चा में रहा है। हाल ही में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारकर मशीन सील कर दी थी। स्थानीय लोगों ने अस्पताल पर बार-बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन कार्रवाई में ढिलाई बरती गई। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि न्याय न मिलने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्गाधाम का 23 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**बोकारो (बिभा)।** तुपकाडीह स्टेशन रोड में स्तिथ दुगार्धाम मंदिर का 23 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पुरोहित विकास पांडेय ने मुख्य यजमान ओमप्रकाश महतो व बिनोद वर्णवाल सपत्नीक के हांथों विधि विधान के साथ क्रमवार देव पूजन , चंडीपाठ पूजन , हवन , आरती तथा पुष्पांजलि मंत्रोच्चारण के साथ करवाये। गाजे बाजे के साथ हुए इस कार्यक्रम में मां अष्टभुजी के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया। महाप्रसाद पाने के लिए काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बताते चलें कि वर्ष 2003 में इस मंदिर में मां दुर्गा , सरस्वती , लखी , कार्तिकेय और भगवान गणेश की संगमरमरी मूर्तियां स्थापित की गई है जो अलौकिक छटा बिखेरती है। आस्था के कारण लोग इसे दुगार्धाम कहते हैं।

### रोटरी समाज सेवा का सशक्त माध्यम : अन्नू नारंग



**बोकारो(बिभा)।** रोटरी जिला 3250 के जोन-7 की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को बोकारो में संपन्न हुई। बैठक में सेवा परियोजनाओं, सदस्यता वृद्धि, युवा कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। जोनल समन्वयक रो. पूजा बैद के संचालन में आयोजित इस बैठक में विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी व सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बोकारो रोटरी क्लब की अध्यक्ष चयनित रो. पूनम त्रेहान, रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष चयनित मुकेश अग्रवाल, रोटरी मिड टाउन कपल के अध्यक्ष चयनित मोहित अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने सेवा, नेतृत्व व सामुदायिक विकास पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जिला 3250 की जिलापाल रो. अन्नू नारंग (26-27) ने संबोधन में कहा कि रोटरी समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी क्लबों से मिलकर अधिक प्रभावी कार्य करने का आह्वान किया तथा अपने आगामी कार्यकाल की प्राथमिकताएं साझा कीं। धनबाद से आए पूर्व जिलापाल संदीप नारंग व जिला सचिव राजेश पारकरिया (26-27) ने भी सदस्यों को संबोधित किया। अंत में सहायक जिलापाल चयनित रो. पूजा बैद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में प्रदीप सिंह, प्रदीप नारायण, डॉ. परिंदा सिंह, बिनोद चोपड़ा, श्वेता रस्तोगी, डिंपल कौर, शिव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनूप त्रिपाठी, देवासीस सहाना, प्रदीप रे, अनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रात के अंधेरे में घर घुसकर छेड़खानी, पड़ोसी गिरफ्तार




**बोकारो(बिभा) :** बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा बाजार में एक महिला के घर में रात के अंधेरे में घुसकर छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में आरोपी निकला महिला का पड़ोसी शशि शर्मा। पुलिस के अनुसार, 2 मई की रात को शशि शर्मा ने अकेली महिला के घर में घुसकर सोती हुई महिला के साथ छेड़खानी की कोशिश की। महिला की नींद खुलने पर उसने शोर मचाया, तो आरोपी ने महिला का मोबाइल फोन और 2000 रुपये नगद लूटकर भाग गया। अगले दिन 3 मई को मोबाइल फोन किसी ने महिला के घर के पास फेंक दिया। सीसीटीवी फुटेज में महिला ने मोबाइल फेंकने वाले को पहचान लिया, जो उसका पड़ोसी शशि शर्मा ही था। महिला ने 5 मई को बालीडीह थाने में कांड संख्या 79/26 दर्ज कराई। आज 14 मई को पुलिस ने शशि शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। थाने में शशि शर्मा पर पहले से दो अपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### चास प्रखंड के टुघरी विद्यालय में बाल विवाह एवं डायन प्रथा के खिलाफ निकाली प्रभात फेरी



**तलगड़िया (बोकारो) (बिभा):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे 90 दिवसीय अभियान के तहत चास प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टुघरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विवाह एवं डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी भी निकाली गई। कार्यक्रम में उपस्थित पीएलवी रतिलाल कुंभकार, यादू महतो, इसराइल अंसारी एवं असित कुमार बनर्जी ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बाल विवाह और डायन प्रथा के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज से ऐसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक जागरूकता बेहद जरूरी है। विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी के दौरान लोगों को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक रहने तथा कानून का पालन करने का संदेश दिया गया।

### अबुआ आवास पहुंच लाभुक के घर उपायुक्त ने पिया पानी.. कहा

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता

### पेटरवार प्रखंड में आम बागवानी एवं अबुआ आवास योजना का किया निरीक्षण, लाभुकों से संवाद कर जाना हालचाल

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** गुरुवार को पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उलगढ़ा स्थित आम बागवानी, ओरदाना स्थित अबुआ आवास एवं कोंध पंचायत के बुढ़नगढ़ा में 35 एकड़ में विकसित आम बागवानी का उपायुक्त अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने योजनाओं से जुड़े लाभुकों से संवाद किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उससे हो रहे लाभ की जानकारी ली। ओरदाना में अबुआ आवास योजना के लाभुक श्रीमती सावीती देवी के घर पहुंचकर उपायुक्त ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत की और घर में दिए गए पानी को सहज भाव से ग्रहण किया। इस क्षण ने उपस्थित ग्रामीणों को भावुक कर दिया।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सम्मानपूर्वक लाभ पहुंचाना है। प्रशासन लगातार यह सुनिश्चित कर रहा है कि जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले।

उन्होंने आम बागवानी योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुक गोवर्धन मांझी, लाल किशुन मांझी, बाबु राम मांझी आदि से खेती एवं आय संवर्धन को लेकर विस्तार से संवाद किया।

इस क्रम में उपायुक्त ने मल्टी क्रॉप खेती को बढ़ावा देने, खाली पड़े स्थानों पर पपीते के पौधे लगाने तथा ढलान वाले क्षेत्रों में तालाब निर्माण की संभावनाओं पर कार्य करने का निर्देश दिया।

इस संबंध में उन्होंने बीडीओ पेटरवार को प्रस्ताव तैयार करने एवं उत्पादन के बाजार (मार्केट लिंकेज) को लेकर एफपीओ की बैठक आहूत करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि आम बागवानी योजना ग्रामीणों की आय बढ़ाने, रोजगार सृजन एवं हरित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर रख-रखाव एवं लाभुकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों ने उपायुक्त को बताया कि योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, डीपीआरओ रवि कुमार, बीडीओ संतोष कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, प्रखंड स्तरीय कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## चास सीओ की मनमानी के खिलाफ एसडीएम से मिले कुमार अमित, आम जनता को परेशान करने का लगाया आरोप

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** आर्थिक रूप से पिछड़े समान्य वर्ग के लोगों के लिए ई.डब्लू.एस प्रमाण पत्र बनाने में चास अंचलाधिकारी के द्वारा की जा रही मनमानी की शिकायत लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित अनुमंडलाधिकारी प्रांजल डांढा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कुमार अमित ने इस सम्बन्ध में चास अनुमंडलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। कुमार अमित ने अनुमंडलाधिकारी को बताया कि चास के वर्तमान अंचलाधिकारी ने जब से पदभार ग्रहण किया है तब से उनके द्वारा ई.डब्लू.एस प्रमाण पत्र निर्गत करने के नाम पर लोगों से अनावश्यक कागजातों की मांग कर आम जन को परेशान किया जा रहा है। जबकि पूर्व के अंचलाधिकारियों के द्वारा आय और आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर हीं इस प्रमाणपत्र को निर्गत किया जाता था। वर्तमान में भी बोकारो जिला के अन्य अंचलों में इन्हीं कागजातों के आधार ई.डब्लू.एस प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। केवल चास अंचलाधिकारी हीं इस सम्बन्ध में पूर्व से जारी नियमावली को दरकिनार कर लोगों को परेशान कर रहे हैं। कुमार अमित ने अनुमंडलाधिकारी को और बताया कि इस संबंध में चास अंचलाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के निर्देशों को भी मानने से इंकार किया जा रहा है जो कि चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है।इसके अलावे भाजपा नेता ने बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापित ग्रामीणों के आवासीय, आय, जाति प्रमाण पत्र निर्गत न किए जाने को लेकर भी चास अनुमंडलाधिकारी से गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने अपनी जमीन देकर बोकारो को बसाया वे आज प्रशासन के द्वारा इन कागजातों के न बनाने करने से पहचान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से भी बंचित हो रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। कुमार अमित ने अनुमंडलाधिकारी से डीपीएलआर से निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर विस्थापितों को आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की। चास अनुमंडलाधिकारी प्रांजल डांढा ने इन मांगों पर यथाशीघ्र कारवाई करने का आश्वासन भी कुमार अमित को दिया।

## चंद्रपुरा में दो घरों से चोरी का पर्दाफाश: 4 गिरफ्तार, सोना-चांदी बरामद

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में दो घरों में हुई चोरी के सनसनीखेज मामलों का पुलिस ने खुलासा कर दिया। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। चोरी के सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन बरामद हो गए।तेनुघाट बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह के नेतृत्व वाली एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर कार्रवाई की। बिरसा बस्ती के गोलू कुमार, प्रेमनगर पहाड़ी के विवेक रविदास उर्फ राहुल रविदास, रोहन कुमार और पेटरवार लुकैया के स्वर्णकार गणेश कुमार को हिरासत में लिया गया। गोलू के खिलाफ आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

10 मई रात 12 से 2 बजे के बीच स्टेशन रोड गुरूद्वारा के सामने हाउस नंबर 492 में जितेंद्र कुमार चौधरी के घर चोरों ने धावा बोल दिया। सोने-चांदी के गहने, ओप्पो मोबाइल और 8-10 हजार रुपये नकदी उड़ा ले गए (कांड संख्या 54/26)। इससे पहले चर्च रोड पर भी एक घर से चोरी हुई थी (कांड संख्या 53/26)। पूछताछ में पता चला कि चोरी का माल गणेश कुमार को बेचा गया था। 420 ग्राम चांदी (चार जोड़ी पायल, बिछिया, चेन आदि),10 ग्राम पिघला सोना,चोरी का ओप्पो मोबाइल,चार अन्य मोबाइल फोन छापेमारी में थाना प्रभारी चंद्रपुरा विक्रम कुमार, दुग्दा के मनीष कुमार, बोकारो झरिया ओपी प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, अनुसंधानकर्ता कुंदन कुमार पासवान, अमरजीत कुमार समेत थानों की फोर्स शामिल रही। आगे की जांच जारी है।

### सिटी सेंटर में नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ विशेष जांच अभियान

# 42 दो पहिया एवं ऑटो वाहनों से वसूला गया जुर्माना






बिभा संवाददाता

**बोकारो।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बोकारो स्टील सिटी के सिटी सेंटर क्षेत्र में नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान अनुमंडल पदाधिकारी चास श्रीमती प्रांजल ढ़ांडा की देख रेख में हुआ।

इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती जया कुमारी एवं श्रीमती सत्यबाला सिन्हा ने यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

अभियान के दौरान कुल 42 दो पहिया एवं ऑटो वाहनों की जांच की गई। जांच में यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों से कुल 65 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

अभियान के दौरान नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन संचालन, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं दें तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर इस प्रकार के विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंग।

## बोकारो में चेन स्नैचिंग के अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा, महाराष्ट्र से आया था 42 वर्षीय भारत गुरुदास वासवाणी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** सेक्टर-4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर में 12 मई को हुई चेन छीनने की घटना का अपराधी महाराष्ट्र के अमरावती निवासी भारत गुरुदास वासवाणी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पीड़ित का सोने का चेन सहित अन्य सामान बरामद हो गया है।

घटना 12 मई को प्लॉट नंबर एचए-07 के सामने हुई, जब अज्ञात अपराधी ने पीड़ित के गले से सोने की चेन छीन ली। सेक्टर-4 थाने में कांड संख्या 36/2026, धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी ने बोकारो मॉल के सामने हुई चेन स्नैचिंग की बात कबूल की। 42 वर्षीय भारत गुरुदास वासवाणी पिता गुरुदासमल वासवाणी ग्राम सिंधुनगर, सदानी दरबार के पास, पोस्ट रुकमणीनगर, थाना फेजरपुरा, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) का निवासी है। उसके पास से बरामद सामान में टूटा हुआ सोने का चेन, काली टोपी, मुंह ढकने वाला काला कपड़ा, होंडा एसपी मोटरसाइकिल (नंबर बीआर 02 बीजेड-8727) और एक वीवो मोबाइल शामिल हैं।

पुलिस जांच में पता चला कि वासवाणी का लंबा अपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में दर्ज मामलों में शामिल हैं।

# उपायुक्त ने बरवाडीह प्रखंड कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह का किया औचक निरीक्षण

बिभा संवाददाता

**लातेहार:** उपायुक्त संदीप कुमार के द्वारा आज बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, साफ-सफाई एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यालय में संधारित उपस्थिति पंजी की जांच की तथा कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय आने एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया।इस दौरान



उपायुक्त ने कैश बुक का भी अवलोकन किया तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन के कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।
मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह, रेशमा रेखा मिंज, संबंधित पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनिका का किया औचक निरीक्षण



**लातेहार/मनिका :** उपायुक्त संदीप कुमार के द्वारा आज मनिका प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनिका का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जांच की तथा मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित पलाश दीदी कैफेझ्रदीदी कैंटीन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कैंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री, साफ-सफाई एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कैंटीन के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, संबंधित पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## समाजसेवा और आदिवासी अस्मिता के प्रहरी थे स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा: सांसद सुखदेव भगत



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा:** लोहरदगा के प्रख्यात समाजसेवी एवं आदिवासी भाषा-संस्कृति के संवाहक स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा के निधन पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना मिलते ही लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत लूथरन कंपाउंड स्थित उनके आवास पहुंचे और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सांसद सुखदेव भगत ने स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक समाजसेवी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों के मजबूत प्रहरी थे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने की परंपरा की शुरूआत स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा, फादर नेम्हस और उनके संयुक्त प्रयासों से हुई थी, जो आज एक व्यापक सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लकड़ा ने अपने पूरे जीवनकाल में कासा संस्था के माध्यम से गरीबों, जरूरतमंदों और वंचित लोगों की सेवा को प्राथमिकता दी। समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग पहुंचाने, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता फैलाने के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। सांसद ने कहा कि पेसा कानून और आदिवासी अधिकारों को गांव-गांव तक पहुंचाने में स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे लगातार जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते रहे। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी उनकी सक्रियता और सरल व्यक्तित्व हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने भी स्वर्गीय अमरनाथ लकड़ा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन लोहरदगा के सामाजिक और सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। इस मौके पर सांसद के साथ आलोक कुमार साहू, शाहिद अहमद वेलू, कुणाल अभिषेक एवं सत्यजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे और सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# संक्षिप्त खबरें

## सेंट जेवियर स्कूल की श्रद्धा शर्मा ने कला संकाय में 93.8% अंक लाकर बढ़ाया मान




**हजारीबाग(बिभा):** सेंट जेवियर स्कूल की मेधावी छात्रा श्रद्धा शर्मा ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा के कला संकाय में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार सफलता से स्कूल परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। श्रद्धा शर्मा, पिता अजय कुमार शर्मा एवं माता गौरी शर्मा की सुपुत्री हैं। शुरू से ही पढ़ाई के प्रति उनकी विशेष रुचि, अनुशासन और निरंतर मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। शिक्षकों के अनुसार श्रद्धा एक शांत स्वभाव, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा रही हैं, जो हर विषय को गहराई से समझकर अध्ययन करती थीं।अपनी सफलता पर श्रद्धा शर्मा ने कहा कि नियमित पढ़ाई, समय का सही प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। विद्यालय परिवार ने श्रद्धा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रद्धा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

## एंजेल्स स्कूल की छात्रा वरदा खंडेलवाल ने 94.2% अंक लाकर कॉमर्स संकाय में लहराया परचम



**हजारीबाग(बिभा) :** सीबीएसई 12वीं परीक्षा में एंजेल्स स्कूल की मेधावी छात्रा वरदा खंडेलवाल ने कॉमर्स संकाय में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर लगन के दम पर वरदा ने न सिर्फ विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि परिवार एवं जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वरदा, व्यवसायी अनिल खंडेलवाल उर्फ बंटी एवं गीता खंडेलवाल उर्फ बबली की पुत्री हैं। परिवार ने बेटी की इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताते हुए मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। दादी सावित्री देवी ने अपनी पोती को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। घर में पूरे दिन बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मित्रों, रिश्तेदारों एवं समाज के लोगों ने भी वरदा को इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि वरदा ने दसवीं कक्षा में भी बेहतर अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रही वरदा ने लगातार मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अपनी सफलता पर वरदा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं परिवार के सहयोग का परिणाम है।

## अविका गोयल ने कॉमर्स में 93.6% अंक लाकर बढ़ाया विद्यालय और परिवार का मान



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग के एंजेल हाई स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा अविका गोयल ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा के कॉमर्स संकाय में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अविका गोयल के पिता मनीष अग्रवाल एवं माता सोनल अग्रवाल ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अविका ने पूरे वर्ष मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है।विद्यालय के शिक्षकों ने भी अविका की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अविका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती छात्रा रही हैं। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।अविका की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## मॉडिफाई बाइक चालकों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, साइलेंसर चेंज करते हुए फाइन काटकर छोड़ा गया

**लोहरदगा(बिभा)।** जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा मॉडिफाई बाइक एवं तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गैलेन राजवाड़ा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कई मॉडिफाई बाइक चालकों को पकड़ा गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया तथा चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।इस दौरान ट्रैफिक इंचार्ज गैलेन राजवाड़ा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मॉडिफाई साइलेंसर, तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक हेलमेट पहनकर एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन चलाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### 30 मई को लोहरदगा में होगा छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का महाधिवेशन

# मजदूर अधिकारों की लड़ाई को नई ताकत देगा महाधिवेशन : पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के किस्को मध्य विद्यालय मैदान में आगामी 30 मई को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस विशाल आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में मजदूरों एवं यूनियन कार्यकताओं के बीच भारी उत्साह का माहौल है। यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार महाधिवेशन में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों मजदूरों की भागीदारी होने की संभावना है, जिससे यह कार्यक्रम श्रमिक एकता का ऐतिहासिक उदाहरण बने। महाधिवेशन का आयोजन यूनियन के पूर्व सांसद सह महासचिव धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में



बॉक्साइड एवं कोल क्षेत्रों से जुड़े मजदूरों की समस्याओं, रोजगार सुरक्षा, श्रमिक अधिकार, सामाजिक सुरक्षा एवं क्षेत्रीय विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मजदूर हितों को लेकर संगठन की आगामी रणनीति भी तय की जाएगी। पूर्व सांसद सह महासचिव धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों की मेहनत से ही उद्योग और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए यूनियन हमेशा संघर्षरत रही है और आगे भी मजबूती के साथ लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि 30 मई का यह महाधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मजदूरों की एकता, संघर्ष और स्वाभिमान का महापर्व होगा। उन्होंने सभी मजदूर भाइयों एवं युवाओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। यूनियन के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि किस्को की धरती पर होने वाला यह महाधिवेशन मजदूर आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लाखों मजदूरों की उपस्थिति संगठन की मजबूती और एकता का प्रमाण होगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों के हक, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए यूनियन सदैव प्रतिबद्ध है तथा हर परिस्थिति में श्रमिकों की आवाज बनकर खड़ी रहेगी। महाधिवेशन को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा एवं स्वागत की विशेष तैयारी की जा रही है। यूनियन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मजदूरों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में महाधिवेशन को लेकर उत्साह, उमंग एवं जोश का माहौल बना हुआ है।

## ऑक्सीजन के अभाव में थैलेसीमिया मरीज की मौत, अस्पताल में फूटा परिजनों का गुस्सा

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। गुरुवार को एक बजे के करीब थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज की कथित रूप से ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद न तो नर्सिंग स्टाफ ने समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध कराया और न ही मरीज को उचित इलाज मिला। आरोप है कि मरीज को तीसरी मंजिल से खुद स्ट्रेचर पर लाकर एक्स-रे कराने ले जाना पड़ा, जहां इलाज के अभाव में



उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं अस्पताल प्रशासन ने मामले में लापरवाही स्वीकार करते हुए जांच के बाद दोषियों पर विभागीय कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## उपायुक्त ने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से की शिष्टाचार मुलाकात

**लातेहार(बिभा):** उपायुक्त संदीप कुमार ने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से आज शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त संदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, पलामू ए.सी. कुन्दन कुमार के द्वारा आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया गया। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, प्रशासनिक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी साझा की। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने जिले में संचालित योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करने का निर्देश दिया।

### ऑनलाइन फामेर्सी के खिलाफ दवा विक्रेताओं का बिगुल

## 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का ऐलान 12.40 लाख केमिस्ट उतरेंगे सड़क पर



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** देशभर के दवा विक्रेताओं एवं केमिस्ट संगठनों ने ऑनलाइन फामेर्सी कंपनियों की कथित अनियंत्रित कार्यप्रणाली और कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया है। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने 20 मई 2026, बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। संगठन का दावा है कि इस आंदोलन में देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं दवा वितरक भाग लेंगे।
संगठन की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि दवा व्यापार से जुड़े गंभीर मुद्दों पर लगातार अनुरोध के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे दवा विक्रेताओं में भारी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है। एआईओसीडी ने आरोप लगाया है कि ऑनलाइन ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म नियमों की कमजोरियों का फायदा उठाकर बिना उचित भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। संगठन के अनुसार, एक ही प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से एंटीबायोटिक्स एवं नशीली दवाओं की बार-बार उपलब्धता से एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।
संगठन का कहना है कि यह केवल व्यापार का मामला नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

## ओमेगा कप हजारीबाग टी-10 प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के खेल प्रेमियों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर क्रिकेट आयोजन की शुरूआत होने जा रही है। ह्यओमेगा कप हजारीबाग टी-10 प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 15 मई से 25 मई तक अन्नदा स्कूल मैदान में किया जाएगा। टूनार्मेंट को लेकर गुरुवार को नवाबगंज स्थित आकाश दीप शादी घर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए टूनार्मेंट के आयोजक सह ओमेगा ग्रुप के फाउंडर मेंबर शादाब अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन 15 मई को संध्या 5:30 बजे किया जाएगा जिसमें हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता साहित कई सम्मानित अतिथि शरीक होंगे। इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 16



टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों के बीच लीग मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद शीर्ष टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 25 मई को आयोजित होगा। सभी मैच प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात 11:30 बजे तक खेले जाएंगे।
आयोजकों ने बताया कि विजेता टीम को 1,50,000 की पुरस्कार राशि, आकर्षक ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 75,000 की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे साथ ही प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा। खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए बेहतर सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। रात्रि में आयोजित होने वाले इस क्रिकेट टूनार्मेंट को लेकर शहर के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, अधिवक्ता शुंभ कुमार, अधिवक्ता गुलाम जिलानी, ऋतुराज दास, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, मोहम्मद हकीम, शमीम एजाज, अफरोज अख्तर, संदीप कुमार, अरशद रजा एवं रेहान फैजल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 100 वर्ष पुरानी हजारीबाग का धरोहर अवधूत आश्रम का अस्तित्व एवं आम आदमी को ठगी का शिकार होने से बचाने के लिए उपायुक्त से लगायी गुहार


बिभा संवाददाता

**रांची :** हजारीबाग शहर के निकट थाना नंबर 121, सिरसी 2,प्रखंड कटकमदाग में अवस्थित अवधूत आश्रम जिसकी स्थापना 1928 में बंगाली परिवार स्वर्गीय कृष्णा देवी के द्वारा किया गया था,उन्होंने यहां मंदिर और आश्रम का निर्माण कराया था,साथ में तालाब, कुआं एवं खेती योग जमीन बनाया था, जिसके आमदनी से इस आश्रम का संचालन होता था, इस अवधूत आश्रम का उद्देश्य यहां धार्मिक आयोजन करना, वृद्धा आश्रम बनाना, बच्चों के शिक्षा के लिए पाठशाला का निर्माण करना, चिकित्सा कार्यकर ग्रामीणों को मदद करना, खेती बाड़ी एवं मछली




पालन से ग्रामीणों को रोजगार देना था। तब इस पुनीत कार्य के लिए उस जमाने में ग्रामीणों और जमींदारों का भरपूर सहयोग अवधूत आश्रम के जन्मदाता को मिला था,वे अपने बड़े बड़े भूखंड कौड़ी के मोल या रेहन रख कर निबंधन कर दिए थे। 100 एकड़ में फैला यह भूखंड तब जंगल झाड़ था और इधर कोई आता जाता भी नहीं था।
100 वर्षों से इस अवधूत आश्रम का संचालन स्वर्गीय कृष्णा देवी के बाद भी कमिटी के द्वारा हो रहा है। कोलकाता से बंगाली समुदाय के लोग ही कमिटी के सदस्य हैं,समय-समय पर अवधूत आश्रम में कमिटी के लोग बदलते रहते हैं।साल में दो बार चैत एवं आश्विन मास में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होता है तब बंगाल से भारी संख्या में अवधूत आश्रम से जुड़े हुए लोग यहां आते हैं और हजारीबाग के आसपास के ग्रामीण भी इस पूजा पाठ में शामिल होते हैं।
100 वर्ष पूर्व कौड़ी के मोल ली गई संपत्ति आज अरबों की हो गई है। वर्तमान में इस अवधूत आश्रम का संचालन अशोक मुखर्जी एवं शिवनारायण बोस आदि लोग कर रहे हैं,वे अवधूत आश्रम का अभिरक्षक या प्रबंधक हैं लेकिन वे अपने आप को इस विशाल धरोहर का उत्तराधिकारी मान रहे हैं, उनमें सेवा का भाव समाप्त हो गया है और इस भूमि को बेचने का लालच जागृत हो गया है, अब इस संपत्ति को बेचने की साजिश रची जा रही है,जंगल उजाड़े जा रहे हैं,हरे भरे विशाल पेड़ बिना अनुमति के काटे जा रहे हैं, प्लाटिंग किया जा रहा है,चूँकि यह जमीन गैर मजरूआ खास,किस्म जंगल झाड़, प्रतिबंधित सूची की है इसलिए इसका निबंध नहीं हो पा रहा है,इसलिये एग्रीमेंट बनाकर भोले भाले ग्रामीणों को ठगा जा रहा है। इस घोटाले से हजारीबाग के कई विभागों को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है साथ ही साथ जिले भर से आ रहे ग्रामीण जो शहर में अपना एक घर बनाने का सपना देख रहे हैं उनके साथ धोखाधड़ी किया जा रहा है। मैंगो मैन मनोज गुप्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट राजेश मिश्रा ने उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन देकर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, उपायुक्त ने जांच के लिए अपर समाहर्ता को दिया है।
सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता एवं राजेश मिश्रा ने अपर समाहर्ता से भी मिलकर इस अवधूत आश्रम को बचाने का आग्रह किया है, उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी,वन पदाधिकारी, कटकमदाग थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को पत्र भेज कर इस धरोहर को बचाने का निर्देश दिया है।

# डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनफिंग की मुलाकात के कूटनीतिक मायने शेष दुनिया के लिए अहम


कमलेश पांडेय

**गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है।**

सफल कारोबारी से राजनेता बने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने हर रिश्ते को फायदे और नुकसान के नजरिये से देखते है, लेकिन कूटनीतिक इंजीनियर समझे जाने वाले चीन के अपने दौरे को लेकर उन्होंने केवल इतना भर कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, वैश्विक रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। चूंकि अमेरिका और चीन एक दूसरे के सहयोगी और प्रतिस्पर्धी दोनों समझे जाते हैं, इसलिए लगभग एक दशक के अन्तराल पर हुई उनकी यह यात्रा के कूटनीतिक मायने अहम समझे जाते हैं, क्योंकि उनकी इस मुलाकात की सफलता और विफलता का असर पूरी दुनिया पर निःसंदेह पड़ेगा।

गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है। इसलिए स्वाभाविक बात है कि आपसी तनाव के बावजूद वे सहयोग का रास्ता तलाशने की कोशिश करेंगे। चूंकि लगभग एक दशक बाद यानी 2017 के बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति 2026 में चीन पहुंचा है। हालांकि, टैरिफ वॉर की वजह से माना जाता है कि ट्रंप का रुख पेइचिंग को लेकर कठोर है।

समझा जाता है कि अपने पहले कार्यकाल में ही उन्होंने यानी ट्रंफ ने चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ की घोषणा की थी। जबकि दूसरे टर्म में वह इस लड़ाई को और आगे ले गए और 125% तक भारी भरकम टैरिफ तक जड़ दिया। हालांकि दुनियावी रेयर अर्थ मिनरल्स पर चीनी नियंत्रण की वजह से आखिरकार ट्रंप को झुककर समझौता करना पड़ा था, अन्यथा उनका कारोबारी हित प्रभावित होता। ऐसे में टैरिफ वॉर भले थम गई हो, पर अमेरिका और चीन के बीच की पारस्परिक होड़ कायम है और वह नित्य नए स्वरूप में उभरकर सामने आ ही जाती है। चूंकि दोनों देश एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहते हैं, पर इतना नहीं जिससे बात ज्यादा बिगड़े।



हाल के अमेरिका/इजरायल और ईरान युद्ध के दौरान भी कुछ यही देखने को मिला है। भले ही ईरान की आर्थिक व सामरिक मदद के आरोप में अमेरिका ने कुछ चीनी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की, और चीन ने भी पलटवार करते हुए वॉशिंगटन की नीतियों का विरोध किया, लेकिन सब कुछ नियंत्रण में रहकर हुआ। इसकी ठोस वजह उनकी आपसी निर्भरता और पारस्परिक जरूरत भी है, जिसे समझने की जरूरत है। आपको यह मालूम होना चाहिए कि चीन के लिए अमेरिका आज भी सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि इस साल चीनी निर्यात में करीब 10% की कमी आई है। चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए यह झटका है।

दिलचस्प बात तो यह है कि खाड़ी देशों में भी चीन का निर्यात घटा है। मसलन, तेहरान (ईरान) का सबसे बड़ा तेल खरीदार होने के नाते भी उसकी परेशानी बढ़ रही है। लिहाजा चीन चाहता है कि युद्ध जल्दी थमे। भारत की भी यही सोच है। वहीं दूसरी ओर, ट्रंप को ईरान पर समर्थन और निवेश के लिए चीन चाहिए। इसीलिए वह अपने साथ कई बड़े उद्यमियों को लेकर बीजिंग पहुंचे हैं। चूंकि अमेरिका इस दौरे से बड़ी डील की उम्मीद कर रहा है, खासकर बोइंग विमानों की। इसलिए आलोचकों को डर है कि कहीं ताइवान पर ट्रंप नरम न पड़ जाएं। अमेरिकी हित में वह ऐसा कर सकते है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि इस समय दोनों रसूखदार नेता घरेलू मोर्चे पर विविध असहज स्थितियों में फंसे हुए हैं। लिहाजा उनकी कोशिश यही होगी कि इस मुलाकात से कुछ बड़ा हासिल किया जाए। यदि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं पारस्परिक सहयोग के रास्ते पर बढ़ती है और ईरान में शांति कायम होती है, तो यूक्रेन सहित सभी का फायदा होगा।

**# आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीन दौरे पर भारत की नजर क्यों है?**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे पर दुनियाभर की निगाहें लगी हुई हैं। ऐसे में स्वाभाविक बात है कि भारत भी अपने दोनों प्रतिस्पर्धियों पर नजर रखेगा। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी इससे जुड़े एक सवाल पर कहा भी है कि भारत के कई देशों के साथ रिश्ते है। कई देशों के साथ साझेदारी आगे बढ़ रही है। चूंकि विभिन्न देशों के बीच इस तरह का दौरा होता रहता है और जब भी इस तरह के दौरे होते हैं तो भारत देखता है कि उसमें क्या बदलाव आया है- या फिर क्या गतिविधियां हुई। ऐसा इसलिए किया जाता है कि राष्ट्रहित के अनुरूप नीतियां संशोधित होती रहें। चूंकि भारत हाल के वर्षों में अमेरिका भारत का अहम रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है। दूसरी ओर चीन भी भारत का अहम पड़ोसी देश है, जिसके साथ सीमा विवाद के बाद भी रिश्ते व्यवहारिक समझ पर वापस लौट रहे है। ऐसे में दोनों देशों के आपसी संबंध और इस दौरे के निष्कर्ष भी भारत पर असर डालेगा। अमेरिका और चीन के रिश्ते एक लंबे वक्त तक असहजता के दायरे में रहे, जिसके जियोपॉलिटिकल प्रभाव से भारत भी अछूता नहीं रहा है। ट्रंप का यह दौरा 2017 के बाद हो रहा है। चीन पहुंचने पर बुधवार को ट्रंप का स्वागत उपराष्ट्रपति ने किया, जो 2017 से अच्छा स्वागत होने को दशार्ता है।

चीन मामलो के जानकार बताते हैं कि भारत जानना चाहेगा कि ट्रंप और चिनफिंग के बीच बातचीत का क्या निष्कर्ष निकला। हाल के वर्षों में प्रशांत महासागर में जिस तरह चीन का प्रभाव बढ़ा है, इसी बैलेस ऑफ पावर के मद्देनजर अमेरिका और भारत रणनीतिक और सामरिक मुद्दों पर लगातार नजदीकी स्तर पर काम करते रहे। ऐसे में अमेरिका और चीन अपने सबंधों को अगर फिर से नया आयाम देने का फैसला करते है तो अमेरिका व चीन दोनों के रिश्तों के मुताबिक भारत को भी अपनी विदेश नीति में बदलाव करना होगा।

## संपादकीय

### दवा नहीं दिल में खोट

पिछले दिनों सामने आई वह खबर विचलित कर गई कि दिल और रक्तचाप नियंत्रण की दवाइयों में गुणवत्ता की गिरावट पायी गई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ की ओर से मार्च माह के लिए जारी ड्रग अलर्ट में देश में बनी कई दवाइयों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट डराती है कि कुल 141 दवाओं के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इनमें शुगर, हार्ट, उच्च रक्तचाप, मिर्गी जैसे गंभीर रोगों का उपचार करने वाली दवाइयां भी शामिल हैं। इनमें इंजेक्शन व कफ सिरप भी शामिल हैं। कमोबेश यही स्थिति विटामिन व आयरन की गोलियों की भी रही। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई। इतना ही नहीं, टूथपेस्ट, मेहंदी व साबुन के नमूने तक फेल हुए हैं। कह सकते हैं कि दवा के नाम पर दर्द देने का कारोबार देश के विभिन्न भागों में खूब फल-फूल रहा है, जो नियामक एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठाता है। कह सकते हैं कि यह अब सिर्फ स्वास्थ्य का ही मुद्दा नहीं रहा, यह जिंदगियों से खिलवाड़ के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंचाता है।

निस्संदेह, घटिया दवाओं से किसी का बीमार होना एक व्यक्ति या परिवार की ही त्रासदी नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कोई व्यक्ति सेहत सुधारने के लिए महंगी दवा का सेवन करे और उपचार के बाद और बीमार हो जाए। ये मरीज के विश्वास के साथ भी छल जैसा है। यह देश में सक्रिय खतरनाक तंत्र की ओर भी इशारा है जो पूरे देश में नकली व घटिया दवाओं के उत्पादन व आपूर्ति से जुड़ा है। वे चिकित्सक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते जो ऐसी संदिग्ध दवाइयां मरीजों के उपचार के लिए लिखते हैं, जिनकी गुणवत्ता को लेकर शंका रहती है। कोरोना काल में हमने देखा था कि चंद रुपयों के लालच में घातक बीमारियों से ग्रस्त लोगों को नकली रेमडेसिविर के इंजेक्शन बेचे गए। कितना शर्मनाक है कि जानलेवा कैंसर की दवाइयों में घटिया व सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाकर बेची जा रही थी। गुरुग्राम में पिछले दिनों वजन घटाने वाले नकली इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामदगी हुई। देश में घातक दवाओं को बेचने वाला एक तंत्र सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है। कोई मरे या जीए, उनकी बला से। उन्हें तो अपने मुनाफे से मतलब है। दरअसल, यह संकट एक राज्य का नहीं, पूरे देश के सामने मौजूद है। नियामक एजेंसियों की लापरवाही, कड़े कानूनों का अभाव व दोषियों को समय पर कड़ी सजा न मिलना इस अमानवीय धंधे के फलने-फूलने की वजह बन रहा है।

## चिंतन-मनन

### दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।

अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तु?हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था।

उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। वे दूसरे को उसकी गलती बताने के चक्कर में स्वयं भी गलती कर बैठते हैं और फिर स्वयं कब गलत मार्ग पर चलने लगते हैं, इसका उन्हें आभास तक नहीं होता। यह सुनकर तीनों शिष्यों का सिर शर्म से झुक गया।

# भगत सिंह के मस्तिष्क शहीद सुखदेव को हमने कितना याद रखा?


दिलीप कुमार पाठक



इतिहास की एक अजीब फितरत होती है। वह कभी-कभी किसी महानायक के महाकाय प्रभाव में उसके सबसे बड़े मददगार और हमसफर को परदे के पीछे धकेल देता है। 23 मार्च 1931 की शाम को जब लाहौर की सेंट्रल जेल में तीन नौजवान फांसी के फंदे की तरफ बढ़ रहे थे, तब भारत की जुबान पर एक नाम ऐसा चढ़ा कि बाकी दो नाम उसके साए में थोड़े सिमट गए। हम बात कर रहे हैं क्रांति के तीन शहीदों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की। इस अटूट तिकड़ी में भगत सिंह क्रांति का चमकता हुआ चेहरा थे और राजगुरु अचूक निशानेबाज, लेकिन इन सबके पीछे जो बेहद शांत, गंभीर और तीखा दिमाग काम कर रहा था, वह नाम था क्रांतिकारी सुखदेव थापर का।

आज 15 मई को उनकी जयंती पर यह सोचना बहुत जरूरी है कि इस जमीनी रणनीतिकार को हमने अपनी यादों और इतिहास में कितना स्थान दिया। पंजाब के लायलपुर में जन्मे सुखदेव और भगत सिंह सिर्फ साथ में देश के लिए लड़ने वाले साथी नहीं थे, बल्कि दोनों के बीच एक बेहद गहरी और बेमिसाल दोस्ती थी। लाहौर के नेशनल कॉलेज के दिनों से शुरू हुआ यह साथ देश की आजादी का सबसे बड़ा हथियार बन गया। जब देश में नौजवानों को एकजुट करने के लिए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन हुआ, तो पंजाब की पूरी जिम्मेदारी सुखदेव को सौंपी गई। यहीं से उनके संगठन बनाने और उसे चलाने के लाजवाब हुनर की शुरूआत होती है। वे कागजों पर बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाने और उन्हें चुपचाप जमीन पर सच कर दिखाने में माहिर थे।अक्सर स्कूल-कॉलेज की किताबों में सुखदेव को भगत सिंह के एक साथी के रूप में ही दिखाकर छोड़ दिया जाता है, जो उनके साथ एक तरह की नाइंसाफी है। असलियत तो यह है कि ब्रिटिश पुलिस ने जब अदालत में मशहूर लाहौर षड्यंत्र केस का मुकदमा दर्ज किया था, तो उसकी पहली एफआईआर में आरोपी नंबर एक कोई और नहीं, बल्कि खुद सुखदेव थापर थे। अंग्रेज सरकार भी बहुत अच्छी तरह जानती थी कि इस पूरी सशस्त्र क्रांति की डोर असल में किसके हाथ में है।

लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए जब जेपी सांडर्स को सजा देने की योजना बनी, तो उसके पीछे असली दिमाग सुखदेव का ही था। उन्होंने ही राजगुरु और भगत सिंह को इस बड़े मिशन के लिए तैयार किया, उनके छिपने के गुप्त ठिकाने ढूंढे और काम पूरा होने के बाद वहां से सुरक्षित निकलने का पूरा रास्ता साफ किया। सुखदेव कभी वाहवाही लूटने या अखबारों की सुर्खियों में रहने वाले नेता नहीं थे। वे खुद को हमेशा पीछे रखकर संगठन को मजबूत करते रहे, गलियों-कस्बों में जाकर युवाओं के दिलों में आजादी की अलख जगाते रहे। सुखदेव के बारे में इतिहास का एक पन्ना ऐसा भी है जो अमूमन चचाओं से गायब रहता है। जेल की कालकोठरी में रहते हुए जब राजनीतिक कैदियों के मानवीय अधिकारों का हनन हुआ, तब सुखदेव ने जेल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने जेल के भीतर बिना अन्न-जल के लगातार 63 दिनों तक ऐतिहासिक भूख हड़ताल की थी। इस कड़े और जानलेवा उपवास ने ब्रिटिश हुकूमत के क्रूर रवैये को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया था। इस बात से सिद्ध हो जाता है कि वे सिर्फ बम और पिस्तौल की रणनीति ही नहीं जानते थे, बल्कि वैचारिक और सत्याग्रही मोर्चे पर भी उनका कोई सानी नहीं था। उनकी सोच कितनी खुली और साफ थी, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे किसी भी तरह के अंधविश्वास और रूढ़ियों के सख्त खिलाफ थे। जेल की सलाखों के पीछे रहते हुए उन्होंने महात्मा गांधी को एक खुला खत लिखा था, जिसमें उन्होंने देश के युवाओं की दशा पर बेहद कड़े और सीधे सवाल पूछे थे। यह चिट्ठी बताती है कि उनका दिल देश के भविष्य के लिए कितना तड़पता था। लेकिन आजादी मिलने के बाद हमारे देश के नीति-निमार्ताओं और इतिहासकारों ने सुखदेव के योगदान को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। हमने उन्हें सिर्फ एक शहीद तिकड़ी के हिस्से के रूप में याद रखा। फिल्मों से लेकर बड़े-बड़े सरकारी विज्ञापनों तक में उन्हें वह मुख्य स्थान कभी नहीं मिल पाया। सुखदेव का जीवन हमें सिखाता है कि असली काम शोर मचाकर नहीं, बल्कि शांत रहकर किया जाता है। सुखदेव सिर्फ 23 साल की उम्र में देश पर न्योछावर हो गए। 15 मई का यह दिन देश के उस सच्चे सिपाही को सलाम करने का दिन है जिसने परदे के पीछे रहकर आजादी की सबसे बड़ी इबारत लिखी थी।

# मानव सभ्यता की जीवनशैली पर पुनर्विचार करने का समय

लेखक

दिवाकर आनंद

आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, वह केवल आर्थिक या राजनीतिक संकट का समय नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता की जीवनशैली पर पुनर्विचार करने का समय है। बढ़ता तापमान, जल संकट, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाएँ, जंगलों का विनाश और संसाधनों की कमी—ये सभी संकेत हैं कि पृथ्वी अब मानव के अनियंत्रित उपभोग का बोझ उठाने में कठिनाई महसूस कर रही है।

ऐसे समय में जब पूरी दुनिया अधिक उत्पादन और अधिक उपभोग की दौड़ में लगी है, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया यह संदेश कि चीजों का उपयोग कम करें, केवल एक सरकारी अपील नहीं बल्कि आने वाले भारत की सुरक्षा, स्थिरता और अस्तित्व से जुड़ा हुआ विचार है।

यह आान केवल यात्रा कम करने, सोना कम खरीदने या अनावश्यक वस्तुओं की खरीदारी सीमित करने तक सीमित नहीं है। यह वास्तव में एक नई राष्ट्रीय चेतना का संदेश है—एक ऐसा भारत बनाने का संदेश जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े।

मानव सभ्यता ने पिछले सौ वर्षों में जितनी तेजी से संसाधनों का उपयोग किया है, उतना शायद हजारों वर्षों में भी नहीं हुआ था। आज पृथ्वी पर मौजूद तेल, कोयला, गैस, पानी, जंगल, खनिज और उपजाऊ भूमि सीमित मात्रा में हैं। लेकिन हमारी इच्छाएँ और उपभोग असीमित होते जा रहे हैं।

एक समय था जब लोग जरूरत के अनुसार खरीदारी करते थे। आज स्थिति यह है कि समाज में ज्यादा खरीदना एक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। हर वर्ष नए मोबाइल, नई गाड़ियाँ, नए फैशन, अत्यधिक बिजली की खपत और बिना आवश्यकता यात्रा—यह सब केवल पृथ्वी पर बोझ बढ़ा रहा है।

अगर पूरी दुनिया भारतीयों की तरह नहीं बल्कि अत्यधिक उपभोग वाले देशों की तरह संसाधन उपयोग करने लगे, तो पृथ्वी जैसी कई और धरतियों की आवश्यकता पड़ जाएगी। लेकिन हमारे पास केवल एक ही धरती है।

अक्सर लोग सोचते हैं कि कम यात्रा करना, कम खरीदना या सीमित संसाधनों में जीवन जीना विकास के खिलाफ है। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है।

संयमित जीवनशैली ही भविष्य का सबसे आधुनिक और बुद्धिमान मॉडल बनने जा रही है। दुनिया के बड़े वैज्ञानिक और पर्यावरण विशेषज्ञ आज सस्टेनेबल लाइफस्टाइल की बात कर रहे हैं। भारत की संस्कृति तो सदियों से यही सिखाती आई है—

जितनी आवश्यकता हो, उतना ही उपयोग करो।

हमारे पूर्वज वस्तुओं का सम्मान करते थे। कपड़े पुराने होने तक पहने जाते थे। पानी की एक-एक बूंद बचाई जाती थी। भोजन कभी बर्बाद नहीं किया जाता था। लेकिन आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमें यूज एंड थ्रो की मानसिकता दे दी। आज आवश्यकता है कि हम आधुनिकता और संयम के बीच संतुलन बनाएं।



आज लाखों वाहन प्रतिदिन सड़कों पर निकलते हैं। अनावश्यक यात्राएँ ईंधन की खपत बढ़ाती हैं, प्रदूषण फैलाती हैं और कार्बन उत्सर्जन को बढ़ाती हैं। इसका सीधा प्रभाव जलवायु परिवर्तन पर पड़ता है।

यदि छोटी दूरी के लिए लोग पैदल चलें, साइकिल का उपयोग करें या सार्वजनिक परिवहन अपनाएँ, तो न केवल पर्यावरण सुरक्षित होगा बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।

कोविड काल ने यह सिखाया कि हर मीटिंग के लिए यात्रा आवश्यक नहीं होती। डिजिटल माध्यमों का सही उपयोग करके ऊर्जा और समय दोनों बचाए जा सकते हैं।

भारत में सोना केवल आभूषण नहीं बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। कई परिवार अपनी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च केवल दिखावे के लिए कर देते हैं। अगर यही पैसा शिक्षा, कौशल, नवाचार, कृषि, स्टार्टअप या सामाजिक विकास में लगाया जाए, तो देश की वास्तविक ताकत बढ़ेगी। युवाओं को यह समझना होगा कि भविष्य सोने की चमक में नहीं बल्कि ज्ञान, तकनीक और जिम्मेदार जीवनशैली में छिपा है।

बहुत कम लोग समझते हैं कि संसाधनों का अत्यधिक उपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ विषय है।

जब किसी देश की ऊर्जा जरूरतें बहुत अधिक हो जाती हैं, तो उसे तेल, गैस और अन्य संसाधनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर होना पड़ता है। यह आर्थिक और रणनीतिक दोनों दृष्टियों से जोखिम पैदा करता है।

यदि भारत ऊर्जा बचत, स्थानीय उत्पादन और सीमित उपभोग की दिशा में आगे बढ़ता है, तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। आत्मनिर्भर भारत केवल फैक्ट्रियों से नहीं बनेगा, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों से बनेगा। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। आने वाले वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाले आज के युवा ही होंगे। इसलिए यह आंदोलन केवल सरकार का नहीं बल्कि युवाओं का आंदोलन बनना चाहिए।

आज के युवा सोशल मीडिया पर ट्रेंड बना सकते हैं, समाज की सोच बदल सकते हैं और नई जीवनशैली को लोकप्रिय बना सकते हैं।

यदि युवा यह संकल्प लें कि—
अनावश्यक खरीदारी नहीं करेंगे, भोजन बर्बाद नहीं करेंगे, बिजली और पानी बचाएँगे, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे, प्लास्टिक का कम उपयोग करेंगे, और दिखावे की संस्कृति से दूर रहेंगे, तो भारत दुनिया को एक नई दिशा दिखा सकता है।

भारतीय सभ्यता हमेशा प्रकृति के साथ संतुलन की बात करती रही है। हमारे यहाँ नदियों को माता कहा गया, पेड़ों को पूजा गया और पृथ्वी को धरा माता माना गया।

यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं थी, बल्कि प्रकृति संरक्षण का वैज्ञानिक तरीका था।

आज आधुनिक विज्ञान वही बातें दोहरा रहा है जो भारत हजारों वर्षों से कहता आया है— प्रकृति का दोहन नहीं, संरक्षण करो।

21वीं सदी का वास्तविक विकास वही होगा जिसमें—
कम संसाधनों में बेहतर जीवन हो, प्रकृति सुरक्षित रहे, आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी और हवा बची रहे और आर्थिक प्रगति के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे।

भारत यदि इस दिशा में आगे बढ़ता है, तो वह दुनिया के लिए एक आदर्श बन सकता है।

आज आवश्यकता केवल सरकारी योजनाओं की नहीं, बल्कि जनचेतना की है। जैसे कभी स्वच्छता अभियान एक आंदोलन बना, वैसे ही संयमित उपभोग को भी राष्ट्रीय अभियान बनाना होगा।

स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और मीडिया को इस विषय पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

अखबारों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया को भी ऐसे लोगों की कहानियाँ सामने लानी चाहिए जो सादगी और जिम्मेदारी के साथ जीवन जी रहे हैं।

मानव इतिहास के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर हमें यह तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसी धरती देना चाहते हैं।

क्या हम उन्हें सूखी नदियाँ, जहरीली हवा और खत्म होते संसाधन देंगे? या फिर एक ऐसा भारत देंगे जो संतुलित, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो?

प्रधानमंत्री का कम उपयोग करो का संदेश वास्तव में त्याग का नहीं बल्कि भविष्य बचाने का संदेश है।

अब यह जिम्मेदारी युवाओं की है कि वे इस सोच को गाँव-गाँव, शहर-शहर और हर घर तक पहुँचाएँ। क्योंकि आने वाला भारत केवल तकनीक से नहीं, बल्कि जिम्मेदार जीवनशैली से महान बनेगा।

जब देश का युवा यह समझ जाएगा कि सच्चा विकास सीमित संसाधनों के सम्मान में है, तब भारत केवल आर्थिक महाशक्ति ही नहीं बल्कि नैतिक और पर्यावरणीय नेतृत्व करने वाला राष्ट्र भी बनेगा।

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

## किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

## मजबूत बनाए दिल की सेहत

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



## सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

## हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

## त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

## विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।

## विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

## दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ ज़रूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

## वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थ की कमी है, तो पसीने की कमी से तेज़ी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

## खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमज़ोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

## वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्ट्रेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद ज़रूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ़ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप ज़रूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

## वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफ़ी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफ़ी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात – प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

## जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

## पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

## अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



# अनिगड़ा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 लाख की अफीम बरामद, तस्कर फरार

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एन०डी०पी०एस० थाना पुलिस ने खूँटी-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित अनिगड़ा चौक के पास छापेमारी कर करीब 1.995 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। हालांकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले में एन०डी०पी०एस० थाना कांड संख्या-09/26, दिनांक 13 मई 2026 के तहत धारा 17(बी)/22(बी)/25 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

विगत वृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग प्रेस वार्ता में बताया कि विगत 13 मई बुधवार को पुलिस अधीक्षक खूँटी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जावा मोटरसाइकिल से बंदगाँव से खूँटी की ओर आ रहा है। उसके पास काले रंग का बैग है, जिसमें अवैध अफीम होने की आशंका थी। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए परिक्ष्मान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने खूँटी-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित अनिगड़ा चौक पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान चाईबासा की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल चालक को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन पुलिस को देखकर वह मोटरसाइकिल मोड़कर अनिगड़ा-खटंगा मार्ग की ओर भागने लगा।

पुलिस दल ने उसका पीछा किया और अनिगड़ा गाँव में ओवरटेक कर मोटरसाइकिल को रोक लिया। इस दौरान चालक मोटरसाइकिल छोड़कर खेत की ओर भाग निकला। पीछा करने के बावजूद वह फरार होने में सफल रहा। भागने के क्रम में आरोपी के पीठ पर टंगा काला बैग खेत में गिर गया। पुलिस ने बैग की तलाशी ली, जिसमें दो पारदर्शी प्लास्टिक में लिपटा काला-भूरा रंग का अवैध अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ। जांच में उसका वजन करीब 1 किलो 995 ग्राम पाया गया। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई गई है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी की जावा मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एफएच-0442 भी जब्त कर ली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक काला बैग भी जब्त किया गया।

इस कार्रवाई में परिक्ष्मान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार, एनडीपीएस थाना प्रभारी पु०अ०नि० मणी दीप, स०अ०नि० मनोज कच्छप सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

इसके बाद से , पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## जनगणना 2027 की उलटी गिनती शुरू, रांची में प्रगणकों को मिली डिजिटल किट



बिभा संवाददाता

**रांची :** जनगणना 2027 की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जनगणना कार्य में जुटने वाले प्रवेक्षकों (सुपरवाइजर) और प्रगणकों (एन्यूमरेटर) के बीच आधिकारिक किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को मिशन मोड में पूरा किया जाए।

डीसी ने बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (HLO) और मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया 16 मई से 14 जून 2026 तक चलेगी। इस चरण में प्रगणक अपने निर्धारित क्षेत्रों में जाकर हर मकान, परिवार और अन्य इकाइयों का विवरण जुटाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के भविष्य की योजनाओं की बुनियाद तैयार करने का काम है। उनके अनुसार, जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही विकास योजनाएं बनाई जाती हैं, नीतियां तय होती हैं और संसाधनों का वितरण किया जाता है।

मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। डेटा संग्रह के लिए टैबलेट और मोबाइल ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि जानकारी तेजी और सटीकता से जुटाई जा सके। उन्होंने कहा कि रांची जिला इस राष्ट्रीय कार्य में पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ भाग लेगा।

हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के दौरान कई महत्वपूर्ण काम किए जाएंगे। इनमें जिले के सभी मकानों का चिन्हांकन और सूचीकरण, परिवारों की प्रारंभिक सूची तैयार करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए डेटा संग्रह करना और शहरी स्लम, ग्रामीण क्षेत्रों और प्रवासी आबादी वाले इलाकों पर विशेष फोकस रखना शामिल हैं।

जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को मानक किट उपलब्ध कराई गई है। इसमें प्रशिक्षण सामग्री, पहचान पत्र (आईडी कार्ड), डिजिटल उपकरण, आवश्यक फॉर्मेट, पेन, बैग, जनगणना ऐप के उपयोग की गाइडलाइन शामिल हैं। इसके साथ ही कर्मियों को यह भी निर्देश दिया गया कि जानकारी जुटाने के दौरान गोपनीयता का पूरी तरह पालन किया जाए और डेटा संग्रह में किसी तरह की लापरवाही न हो। उपायुक्त ने सभी नोडल अधिकारियों, प्रखंड विकास पादाधिकारियों, अंचलाधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों से कहा कि इस अभियान को पूरी गंभीरता से चलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कहीं कोई दिक्कत आती है तो तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी जाए, ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

किट वितरण कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, जिला जनगणना अधिकारी शेषनाथ बैठा, कांके के प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार समेत कई प्रवेक्षक और प्रगणक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एनडीपीएस कांड का वांछित आरोपी राम मुण्डा गिरफ्तार, देशी कट्टा बरामद



**खूँटी(बिभा)।** एनडीपीएस थाना कांड सं0-08/26 में वांछित आरोपी राम मुण्डा को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम अलौंदी निवासी राम मुण्डा ग्राम भण्डरा में मौजूद है तथा उसके पास अवैध हथियार है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। भण्डरा चौक पहुंची पुलिस टीम ने गुप्तचर की निशानदेही पर आरोपी को एक पुल पर बैठे पाया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कमर से खोंसा हुआ एक देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राम मुण्डा, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता स्व. महादेव मुण्डा, निवासी ग्राम अलौंदी, थाना व जिला खूँटी बताया। हथियार बरामदगी के मामले में खूँटी थाना कांड सं0-68/26, दिनांक 13.05.2026, धारा 25(1-बी)/26 आर्म्स एक्ट के तहत अलग से प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, एनडीपीएस थाना प्रभारी मणी दीप तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मुरहू में 231 किलो अवैध डोडा बरामद, तस्कर वाहन छोड़ फरार

**खूँटी(बिभा)** । मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम घाघरा के पास गनालोया-सारिदकेल सड़क पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 231 किलो अवैध डोडा बरामद किया है। हालांकि पुलिस को आता देख तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। मामले में मुरहू थाना कांड सं0-44/26, दिनांक 14.05.2026 के तहत धारा 15(सी)/22/25 एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार 13 मई 2026 को मुरहू थाना के गश्ती दल को सूचना मिली थी कि ग्राम घाघरा के समीप गनालोया-सारिदकेल सड़क पर एक चार पहिया वाहन के साथ कुछ संदिग्ध लोग खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही सभी संदिग्ध अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें 13 बोरा में रखा कुल 231 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया गया। साथ ही एक मारुति इको कार भी जब्त की गई है। मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा तथा मुरहू थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

### टीटीसी फुदी में रक्तदान शिविर आयोजित, 16 यूनिट रक्त संग्रह



**खूँटी(बिभा)।** सदर अस्पताल खूँटी स्थित रक्त केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर (टीटीसी) फुदी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर उरांव एवं संस्थान के प्राचार्य उज्जवल ओलिवर उरांव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर उरांव ने कहा कि रक्त केंद्र में रक्त की कमी को देखते हुए समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि खूँटी में गर्भवती महिलाओं, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों एवं गंभीर रोगियों को अक्सर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। नियमित रक्तदान करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा कोलेस्ट्रॉल स्तर भी सामान्य रहता है, जिससे भविष्य में हृदयाघात का खतरा कम हो सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं संस्थान के प्राचार्य उज्जवल ओलिवर उरांव ने कहा कि संस्थान द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए छात्र रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। काउंसलर निशांत झा ने छात्रों को रक्तदान के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। शिविर के अंत में संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा कुल 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में संस्थान के राजकुमार मांझी, राजन प्रिय, विपिन कुमार, एरियल गुड़िया तथा रक्त केंद्र के सुजीत नाग, सुषमा कुजूर, पूनम भेंगरा एवं सुनीता देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हेमंत सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दे पर आंदोलन तेज करेगी भाजपा, कोर कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

बिभा संवाददाता



रांचीः हेमंत सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने के उद्देश्य से गुरुवार देर शाम प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई. प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में यह बैठक हुई.

करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया. बैठक की जानकारी देते हुए बीजेपी नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी की बैठक बुलाई गयी है. इस बैठक में कोर कमेटी में लिए गए निर्णय से अवगत कराया जाएगा और इसे जमीनी स्तर पर उतारने का काम किया जाएगा.

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक में एसआईआर सहित विभिन्न विषयों पर मंत्रणा होती रही. बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि समसामयिक विषयों के साथ-साथ एसआईआर को लेकर भी चर्चा हुई है. हम लोग राज्य सरकार पर नजर रख रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री जी भी बैठक कर अपने लोगों को तैयार कर रहे हैं, ऐसे में हमारी भी इस पर नजर है. एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने की हर कोशिश को नाकाम किया जाएगा इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं.

उन्होंने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि किसानों के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया है. क्योंकि जिस तरह से ओलावृष्टि से परेशान किसान को ठगा गया है और उन्हें 3200रु. धान के समर्थन मूल्य देने की बात कही गई थी वह यह सरकार नहीं दे पाई. इसी तरह से ओलावृष्टि के कारण फसल नष्ट हुआ है किसानों को मुआवजा सरकार के द्वारा दिया जाना चाहिए था. मातृशक्ति वंदन अधिनियम हो या बिजली पानी की समस्या हो या जमीन म्युटेशन इन तमाम मुद्दों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन पार्टी ने छेड़ने का निर्णय लिया है.

इस बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, पूर्व विधायक अनंत ओझा आदि उपस्थित रहे.

## क्रिमिनल करते हैं ये एप्स का उपयोग, और मांगते हैं लेवी

**खूँटी** । जिले में पुलिस के लिए क्रिमिनल्स और नक्सलियों के द्वारा किये जानेवाले एप्स चैलेंज का विषय बन गया है। एक ऐसा मोबाइल ऐप्लिकेशन जिससे लोकेशन और नाम का पता नहीं चल पाता है कि फोन करनेवाला व्यक्ति कहां और किस नम्बर से फोन कर रहा है। इस जंगल एप्स के माध्यम से नक्सली संगठन के लोग लेवी मांगने लगे हैं। जिसके कारण खूँटी पुलिस के लिए चैलेंज का विषय बना हुआ है। खूँटी में कई ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले नक्सली गिरोह को गिरफ्तार तो कर लिया गया है लेकिन अभी और भी ऐसे लोग होने की खूँटी पुलिस द्वारा आशंका जताई जा रही है। जंगल एप्स ऐसा ऐप्लिकेशन है जिसके माध्यम से किसी को भी फोन करने पर लोकेशन का पता लगाना कठीन हो जाता है। वहीं ये जंगल एप्लिकेशन का उपयोग कर लेते हैं। लेकिन अब खूंटी पुलिस इसका तोड़ निकालने के लिए लग गयी है। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि नक्सली संगठन के कुछ लोग पकड़ में आये हैं वो मोबाइल से लेवी मांगने और आपस में बात करने के लिए जंगल एप्स जैसे एप्लीकेशन का प्रयोग करते थे और लेवी मांगने तथा आपसी तालमेल बनाने के लिए उपयोग करते थे। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि ऐसे चैलेंज पुलिस के सामने आते रहते हैं लेकिन इसका भी तोड़ पुलिस जल्द निकाल लेगी।

## साई नारकोस ने 10 विकेट से जीता एसपीएल का खिताब

बिभा संवाददाता



**रांची।** साई क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित साई प्रीमियर लीग (एसपीएल) 2026 के फाइनल मुकाबले में साई नारकोस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साई पाइरेट्स को 10 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबला मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क मैदान में खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य रहे, जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में हेमंत राय और दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के कोच मणिक चंद्र घोष थे।

टॉस जीतकर साई पाइरेट्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 18 ओवर में 91 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से धीरज कुमार ने सर्वाधिक 26 रन बनाए, जबकि कार्तिक कुमार महतो ने 15 रनों का योगदान दिया। साई नारकोस की ओर से समीर अंसारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 3 विकेट झटके। युवराज और हर्ष ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि पिंटू और सूर्यांश को एक-एक सफलता मिली।

92 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई नारकोस की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट खोए 13 ओवर में 94 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। अभिषेक कुमार ने नाबाद 49 रन और हर्ष ने नाबाद 41 रन की शानदार पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और टीम को आसान जीत दिलाई।

फाइनल मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हर्ष स्वासी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी दिया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में अभिषेक कुमार को बेस्ट बल्लेबाज, समीर अंसारी को बेस्ट गेंदबाज, अवरन सिंह को बेस्ट विकेटकीपर, पिंटू कुमार को बेस्ट फील्डर तथा केशव तिवारी को इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने साई क्रिकेट अकादमी की सराहना की।

### एनएचएआई के फ्लाईओवर पर नजर आएगी झारखंड की सांस्कृतिक पहचान

## सोहराय पेंटिंग से सजा खजूरी-विंधमगंज मार्ग

बिभा संवाददाता




**रांची :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्मित खजूरी से विंधमगंज खंड पर बने फ्लाईओवर को झारखंड की पारंपरिक कला सोहराय पेंटिंग से सजाया गया है। यह पहल न केवल सड़क अवसंरचना को आकर्षक बना रही है, बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दे रही है।

फ्लाईओवर की दीवारों एवं संरचनाओं पर उकेरी गई सोहराय कला स्थानीय संस्कृति, प्रकृति एवं जनजीवन के साथ राज्य की धरोहर एवं महापुरुषों की झलक प्रस्तुत करती है। रंग-बिरंगी कलाकृतियाँ राहगीरों और यात्रियों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं तथा राजमार्ग को एक सांस्कृतिक पहचान प्रदान कर रही हैं।

एनएचएआई द्वारा आधारभूत संरचना विकास के साथ-साथ स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रकार की पहल न केवल क्षेत्रीय कलाकारों को प्रोत्साहन देती हैं, बल्कि यात्रियों को झारखंड की पारंपरिक कला से परिचित कराने का माध्यम भी बनती हैं।

एनएचएआई का उद्देश्य आधुनिक एवं सुरक्षित राजमार्गों के निर्माण के साथ-साथ उन्हें सौंदर्यपूर्ण एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना है, ताकि विकास के साथ स्थानीय विरासत को भी बढ़ावा मिल सके।

## केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने जारंगडीह परियोजना, कौशल विकास केंद्र एवं सीसीएल की गतिविधियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की

बिभा संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री सतीश चंद्र दुबे ने आज जारंगडीह स्थित सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) परियोजना क्षेत्र का दौरा कर जारंगडीह परियोजना एवं संशोधित माईंस क्लाउजर प्लांट की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित एवं वैज्ञानिक खनन, पुनर्वास, स्थानीय जनकल्याण तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई।

इसके उपरांत मंत्री ने कथारा क्षेत्र स्थित सीसीएल के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कर वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्थानीय युवाओं से संवाद किया तथा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं को सर्टिफिकेट भी दिया।

वहीं, मीडियाकर्मियों ने बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार कोयला क्षेत्र में आधुनिक, पारदर्शी एवं सतत विकास आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। सीसीएल द्वारा उरफ के अंतर्गत संचालित यह केंद्र स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं जरूरतमंद वर्गों को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है।

इसके पश्चात सीसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक से पूर्व मंत्री ने रांची के 7 वर्षीय इशांक सिंह को सम्मानित किया। इशांक ने महज 9 घंटे 50 मिनट में श्रीलंका के तलाईमन्नार से भारत के धनुषकोडी तक लगभग 29 किलोमीटर लंबे समुद्री सफर को तैरकर पूरा किया है। इस उपलब्धि के साथ वे ऐसा करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के तैराक बन गए हैं।

इसके अतिरिक्त मंत्री ने सीसीएल एवं झारखंड सरकार की संयुक्त पहल से संचालित झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी के तीन अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों-विकास उरांव, कुमारी रिष्टी राज एवं चंदा कुमारी को भी सम्मानित किया।

इसके बाद सीसीएल मुख्यालय में माननीय मंत्री के नेतृत्व में मंत्रालय के अधिकारियों, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक(वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक(मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक(योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा एवं सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों तथा विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, सुरक्षा, सीएसआर गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात मंत्री ने सीएमपीडीआई की भी समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# दो साल बाद जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

बिभा संवाददता

**बरहरवा** । पाकुड़ के पूर्व विधायक और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम गुरुवार को करीब डेढ़ बजे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकल आए। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद से ही उनके समर्थकों में भारी उत्साह था। जैसे ही वे जेल के मुख्य द्वार से बाहर निकले, वहां मौजूद हजारों कार्यकताओं ने आलमगीर आलम जिंदाबाद के नारों से आसमान गुंजा दिया।



### विधायक आवास पर दीपावली जैसा माहौल

जेल से निकलने के बाद आलमगीर आलम सीधे अपने पुराने विधानसभा स्थित आधिकारिक आवास पहुंचे। उनके स्वागत के लिए आवास को भव्य तरीके से सजाया गया था। पाकुड़, बरहरवा, कोटालपोखर और राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए समर्थकों का हुजूम पिछले दो-तीन दिनों से उनके बाहर आने का इंतजार कर रहा था। उनके पहुंचते ही समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़े और फूल-मालाओं से उन्हें लाद दिया। कार्यकताओं ने न केवल आलमगीर आलम, बल्कि निशात आलम और तनवीर आलम के पक्ष में भी जमकर नारेबाजी की।

### दिग्गज नेताओं ने किया स्वागत

आलमगीर आलम के आवास पर उनके स्वागत के लिए कांग्रेस और गठबंधन के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे। मुख्य रूप से ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अभिलाष साहू सहित कई वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। आलमगीर आलम ने भी बारी-बारी से सभी कार्यकताओं से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया।

### तनवीर आलम का भावुक संदेशः सत्य की जीत हुई

इस मौके पर उनके पुत्र तनवीर आलम काफी भावुक नजर आए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा पिछले दो वर्षों से हमारा परिवार और कार्यकर्ता इस पल का इंतजार कर रहे थे। हमें पूरा यकीन था कि मेरे पिता निर्दोष हैं और उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया था। आज उनके बाहर आने से हमारी आंखों को सुकून मिला है। हमने और हमारे चाहने वालों ने इस दौरान बहुत कुछ सहा, लेकिन ऊपर वाले के आशीर्वाद और न्यायपालिका पर भरोसे की जीत हुई है। आलमगीर आलम की रिहाई के बाद पाकुड़ समेत पूरे संताल परगना के राजनीतिक समीकरणों में एक बार फिर हलचल तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## उधवा में शिक्षकों का टीचर नीड एसेसमेंट आंकलन परीक्षा संपन्न



बिभा संवाददाता

**उधवा** । राज्य परियोजना निदेशक रांची के निदेर्शानुसार उधवा प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गड़ल्ली में तीसरे दिन गुरुवार को सरकारी शिक्षकों का टीचर नीड एसेसमेंट (टीएनए) आंकलन परीक्षा संपन्न हो गया। जानकारी के अनुसार दो पालियों में आंकलन परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 से 4 बजे तक आंकलन परीक्षा आयोजित की गई?। इस दौरान बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 62 में से 61 शिक्षक शामिल हुए,जबकि एक शिक्षक आंकलन परीक्षा में अनुपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने बताया कि द्वितीय पाली में कुल 38 शिक्षकों ने टीएनए आंकलन परीक्षा में भाग लिया। बीपीओ ने बताया कि टीएनए से शिक्षकों को विषय की जानकारी, पाठ योजना और मूल्यांकन की समझ के साथ उनके व्यक्तिगत दक्षताओं में वृद्धि और कौशल क्षमता बढ़ेगी। शिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों के सिखाने के अनुभव में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मौके पर बीआरपी इंतखाब आलम, सीआरपी अशोक पाल, शिक्षक पंकज रविदास, श्यामजी ओझा, कुमार गौतम, खुशबू कुमारी, अरविंद कुमार दास, आनंद प्रसाद सोरेन, नव कुमार सिन्हा, नरेंद्र कुमार मंडल, मुकुल दास सहित अन्य मौजूद थे।


## संक्षिप्त खबरें

### विधायक प्रतिनिधि ने रॉयल जिम सह रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन



**राजमहल(बिभा)** ।राजमहल के फुलवरिया में रॉयल जिम सह रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने फीता काटकर किया। वही संचालक को इस नई पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि जिम में आधुनिक मशीनों के साथ युवाओं के लिए बेहतर वर्कआउट की सुविधा उपलब्ध है।कहा रेस्टोरेंट के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बेहतरीन व्यंजनों का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। इस तरह के संस्थानों के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्र की रौनक में इजाफा होता है। युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए और फुलवरिया में इस स्तर की सुविधा मिलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। वहीं रॉयल जिम सह रेस्टोरेंट के सभी सदस्यों और संचालक को इस नई शुरूआत के लिए ढेरों बधाई! उम्मीद है कि यह संस्थान फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करेगा और अपने स्वाद से सभी का दिल जीतेगा।

### नगर परिषद बोर्ड बैठक में रिफत प्रवीण ने श्मशान घाट में वाटर कूलर लगाने की उठाई मांग



**साहेबगंज(बिभा)** । नगर परिषद के बोर्ड की बैठक में वार्ड नंबर नौ की वार्ड पार्षद रिफत प्रवीण ने श्मशान घाट में शुद्ध व शीतल पानी मशीन (प्यूरीफायर वाटर कूलर मशीन) लगाने की मांग रखी। रिफत ने बोर्ड की मीटिंग में अपने लेटर पैड के माध्यम से कहा कि हिन्दु धर्म के अनुसार शहर के मुनीलाल श्मसान घाट एक महत्वपूर्ण स्थल है। श्मसान घाट पर शव की अंत्योष्टि करने जाने वाले लोगों को वहां पर पानी खरीदकर पीना पड़ता है। वहां शुद्ध व शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं है। अनुरोध है कि श्मसान घाट पर एक शुद्ध व शीतल पेयजल के लिए एक प्यूरीफायर वाटर कूलर मशीन लगाया जाए। इससे हमारे वार्ड क्षेत्र के अलावा पूरे शहर के लोगों को राहत मिलेगी और जेब पर अत्यंत खर्च का भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा वार्ड क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, वेपर लाइट लगाने, नाली का निर्माण कराने, वार्ड क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए चापाकल बंद पड़ा हुआ है। इन चापाकल की बोरिंग बढ़ाकर दोबारा चालू कराने, जल समस्या को दूर करने के लिए छह जगहों पर जल मीनार का निर्माण कराने की मांग की है।

### ट्रैक्टर के धक्के से छह वर्षीय बच्चा घायल

**राधानगर/उधवा(बिभा)** । राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उधवा चौक के निकट गुरुवार को ट्रैक्टर के धक्के से एक छह वर्षीय बच्चा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर उधवा चौक से दरगाहडांगा गांव की ओर जा रहा था। इस बीच नसीम आम बगान के पास ट्रैक्टर पार होने के दौरान एक छह वर्षीय बच्चा को ट्रैक्टर की ट्राली से धक्का लग गया। जिससे बच्चा घायल होकर सड़क पर गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्चा को इलाज हेतु हायर सेंटर ले गया। समाचार लिखे जाने तक घायल बच्चा का इलाज चल रहा था।

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर जीरो टॉलरेंस

बिभा संवाददाता

**साहेबगंज**। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में मंव जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाना तथा मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना था। उपायुक्त ने पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जनहित एवं युवाओं के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अवैध मादक पदार्थों, जैसे गांजा, अवैध कफ सिरप एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री तथा तस्करी नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने हेतु सघन एवं औचक छापेमारी अभियान चलाएं। वहीं औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे मेडिकल दुकानों की नियमित जांच सुनिश्चित करें, ताकि बिना वैध चिकित्सकीय पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो सके। वही नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में बार-बार संलिप्त पाए जाने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग को ऐसे अभियुक्तों को चिह्नित कर के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही उपायुक्त ने विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों के आसपास सतर्क निगरानी रखने, औचक निरीक्षण करने तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों, प्लस 2 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां चलाने को कहा। साथ ही उपायुक्त ने युवाओं एवं स्कूली बच्चों को नशे की लत से सुरक्षित रखने हेतु शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया गया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसर के निर्धारित दायरे में आने वाले सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों दुकानों से निर्धारित प्रपत्र में स्व-घोषणा पत्र भरवाया जाए कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं कर रहे हैं। वहीं जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर दियारा क्षेत्रों एवं फेरी सेवाओं के माध्यम से होने वाले संभावित अवैध परिवहन पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इसके लिए अनुमंडल प्रशासन को आसूचना तंत्र के आधार पर निरंतर औचक निरीक्षण करने को कहा गया। वहीं शिक्षा विभाग को जिले के प्लह 2 उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में स्थानीय प्रभावशाली लोग की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि युवाओं तक सकारात्मक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंच सके। साथ ही सार्वजनिक स्थलों एवं संस्थानों में एनएमबीए के तहत क्यू आर कोड एवं ब्रांडिंग प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया।



## 11वें दिन भी जारी रहा शेरशाहबादी समाज का महाधरना, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर ने दिया समर्थन



बिभा संवाददाता

**बरहरवा**। बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः जारी करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन महाधरना गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। इस दौरान अब्दुल कादिर धरनास्थल पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। वही अब्दुल कादिर ने कहा कि वर्ष 2012 तक शेरशाहबादी समुदाय को जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता था, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। उन्होंने इसे समुदाय के अधिकारों के साथ अन्याय बताया और कहा कि समाज की यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। आंदोलनकारियों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। वहीं धरनास्थल पर हमारा हक हमें दो, शेरशाहबादी समाज के साथ अन्याय बंद करो और जाति प्रमाण पत्र जारी करो जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया गया। मौके पर मो. इश्तियाक, मो. आजमाइल, मसूद आलम, वसीम अख्तर, फारुक आलम, महफूज आलम, सलमान ताहिर, नदीम अख्तर, आमिर हमजा, वसीम अकरम, तैय्यब शेख, तोफाइल शेख, मुस्तकीम शेख, मोसब्बर आलम, परवेज आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग, छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी मौजूद थे।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



बिभा संवाददाता

**उधवा**। प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में गुरुवार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में स्कूल टॉपर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार मैट्रिक परीक्षा में राज कुमार,प्रिंस मंडल,प्रदीप प्रमाणिक ने बेहतर प्रदर्शन किया है। साथ ही इंटर साइंस में रेहान राज,अहमद राजा,मोहम्मद जाहिर एवं इंटर कला संकाय में सुमित कुमार भगत,कौशिक कुमार मंडल,नंदनी कुमारी तथा इंटर कॉमर्स में बासिर शेख,अजय कुमार साहा,मो. युनूस साहब ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका नुसरत जहां व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली ने संयुक्त रूप से मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में स्कूल टॉपर प्रतिभागियों को किताब,डायरी व कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक तारिक अनवर, अमीत कुमार मंडल, सगेनन हांसदा, रौशन भगत, अभिनाश कुमार, बीरबल प्रसाद, हबीबुर रहमान, नाईम अख्तर, अफलातून हुसैन, गणेश रविदास, मन्नू शेख, अली हुसैन, पुरुषोत्तम सिंह, गौरव स्वर्णकार, आकिब जावेद, जमील अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

## लापरवाह बीएलओ पर कार्रवाई, वेतन रोका तीन दिन में मैपिंग पूरी करने का निर्देश

बिभा संवाददाता

**राजमहल**। सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड सभागार में निर्वाचन संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान केंद्रों की मैपिंग कार्य की प्रगति की कड़ी समीक्षा की गई।वही बीडीओ मो. यूसुफ ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को स्पष्ट हिदायत दी कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत घर-घर जाकर किए जाने वाले सर्वेक्षण कार्य को पूरी सावधानी और स्वच्छता के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बीएलओ ने अपने क्षेत्र का सर्वे कार्य पूरा कर लिया है, वे इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि प्रत्येक घर का सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। वही बैठक के दौरान कम मैपिंग वाले मतदान केंद्रों की समीक्षा के क्रम में बीडीओ ने सख्त रुख अपनाया। कार्य में लापरवाही बरतने और रुचि न दिखाने वाले बीएलओ पर कार्रवाई करते हुए उनका वेतन स्थगित कर स्पष्टीकरण तलब किया गया। साथ ही, संबंधित बीएलओ को अगले तीन दिनों के भीतर मैपिंग का शेष कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया गया। वही बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर भरत मंडल ने डीएसई और एनोमलीज मैप्ड वोटर के बारे में विस्तृत तकनीकी जानकारी उपस्थित कर्मियों को दी। वही इस अवसर पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, नोडल निर्वाचन राजमहल सह बीपीओ गगन बापू, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय कुमार, सुपरवाइजर रवि हेंब्रम, मो. शाहजहां अंसारी, मो. मनावर हुसैन, श्रवण यादव सहित सभी सुपरवाइजर उपस्थित थे।



### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेला का भव्य आयोजन

## 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3200 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

बिभा संवाददाता

**खूंटी**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी इकाई द्वारा दिनांक 14 एवं 15 मई 2026 को बिरसा कॉलेज खूंटी के बहुद्देशीय भवन में दो दिवसीय ह्लप्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेलाह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन 14 मई को मैट्रिक (10वीं) परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 3200 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा, अभाविप प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल, अभाविप प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी तथा बिरसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और शिक्षा के माध्यम से ही समाज एवं राष्ट्र को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने परिषद द्वारा लगातार प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के आयोजन किए जाने को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रेरित करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा, ह्लअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। परिषद विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य कर रही है। प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। खूंटी जैसे क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर विद्यार्थियों को सम्मानित करना अत्यंत प्रशंसनीय पहल है। मुझे विश्वास है कि यहां के विद्यार्थी भविष्य में राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे।ह्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभाविप प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल ने कहा कि परिषद सदैव छात्रहित एवं शिक्षा के विकास के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया तथा कहा कि सफलता अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासक एवं राष्ट्रनिमार्ता बनेंगे।

बिरसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करना शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मेले में विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा अपने पाठ्यक्रम, करियर मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई। शिक्षा मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसरों एवं करियर विकल्पों से अवगत कराना था। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया।

इस अवसर पर परिषद के विभिन्न कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में परिषद कार्यकताओं ने अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का उत्कृष्ट परिचय दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सम्मान प्राप्त कर वे काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।

अंत में अभाविप प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कार्य करती रहेगी।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई. निविदा सूचना सं.: एस. जी.–664–04–संकेत–2026–27
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्र. सं. :** 1. **कार्य का नामः** धनबाद मंडल के अंतर्गत एएसटीई बरकाकाना खंड में दोषपूर्ण सिग्नल एवं/दूरसंचार केबलों, जर्जरक्षतिग्रस्त लोकेशन बॉक्स/अधिक आयु वाले ट्रैक रिले तथा अन्य उपकरणों का प्रतिस्थापन हेतु। **क्र. सं. :** 2. **कार्य का आकलित मूल्यः** ₹ 6,89,79,671.45 (लगभग) **क्र. सं. :** 3. **कार्य का अग्रधन राशिः** ₹ 13,79,600.00 **क्र. सं. :** 4. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 02.06.2026 (12:30 बजे)। **क्र. सं. :** 5. ऐसी ई. निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई. निविदा के ई. निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई. निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/0221/डीएचएन/एसएण्डटी./टी/26–27/40

# सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी में उतर रही सुपर जायंट्स का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर पायी है। टीम में निरंतरता की कमी




नजर आयी है। उसकी बल्लेबाजी बेहद खराब रही है। गेंदबाजी में केवल युवा प्रिंस यादव ही प्रभावित कर पाये हैं। अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। यहां तक की अनुभवी मोहम्मद शमी भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

### टीम इस प्रकार है

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव, इम्पैक्ट प्लेयर- आवेश खान

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, मैट हेनरी/स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, इम्पैक्ट प्लेयर- प्रशांत वीर

# सिंधू और लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



**बैंकाक (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा।

वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी।

# विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे

**रायपुर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं। विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जिससे पर्पल कैप की दौड़ भी तेज हो गई है।

विराट के अब इस सत्र की 12 पारियों में अब तक कुल 484 रन हो गये हैं। उन्होंने यह रन 165.75 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का दिखाते हैहै। इस पारी ने उन्हें सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरा स्थान दिलाया है, जिससे ऑरेंज कैप जीतने की उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ अब बेहद रोमांचक हो गई है। विराट के आगे अब केवल दो बल्लेबाज सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, जिन्होंने 508 रन बनाए हैं, और गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन, जिनके खाते में 501 रन दर्ज हैं। वहीं चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 481 रनों के साथ मौजूद हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल 477 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भी 467 रनों के साथ दावेदारों में बने हुए हैं, जिससे आगामी मैच और भी दिलचस्प हो गए हैं। वहीं गेंदबाजी में पर्पल कैप की दौड़ भी रोमांचक हो गयी है। भुवनेश्वर केकेआर के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 22 विकेट लेकर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है, जिनके 21 विकेट हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के युवा अंशुल कम्बोज 19 विकेटों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, गुजरात टाइटंस के राशिद खान, केकेआर के कार्तिक त्यागी और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिंगा सभी 16-16 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज हैं।

# आरसीबी से हार के साथ ही केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हुईं

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 वें मुकाबले में हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में पहुंची की बची हुई संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं। केकेआर अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर फिसल गयी है।

अभी के हालातों को देखते हुए केकेआर की कोई संभावना नहीं बची है। टीम ने अब तक खेले गए 11 मैचों में से चार जीते हैं और एक का परिणाम नहीं निकला। इस प्रकार उसके केवल 9 अंक हैं। वहीं लीग स्तर में अब उसे केवल तीन मैच खेलने हैं। वहीं प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कुल 16 अंकों की जरूरत होती है। केवल कुछ अवसरों पर ही 14 अंक में प्लेऑफ की संभावना बन सकती है पर ये तभी होगा जब शीर्ष चार टीमों में से कोई भी 16 अंक तक न पहुंचे। केकेआर अपने बचे हुए तीनों मैच जीत भी लेती है, तो उनके कुल अंक केवल 15 ही हो पाएंगे। यह



आंकड़ा प्लेऑफ की दौड़ में शामिल कई अन्य टीमों के संभावित अंकों से काफी कम है।

केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंक तालिका में उनसे ऊपर मौजूद टीमों का प्रदर्शन है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के पहले ही 16-16 अंक हो गये हैं। इनके अलावा, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसे अभी दो मैच खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर वह 18 अंकों तक पहुंच सकती है। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और उसके पास तीन मैच बचे हैं, जिससे वह 19 अंकों तक जा सकती है। इसी तरह, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स भी दौड़ में बनी हुई हैं। दोनों टीमों के पास 12-12 अंक हैं और उन्हें अभी तीन-तीन मैच खेलने हैं। ये दोनों टीमें भी अपने सभी बचे हुए मैच जीतकर 18 अंकों के आंकड़े तक पहुंच सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स भी इस दौड़ में शामिल है पर उसे भी हर मैच जीतना होगा। इससे साफ है कि केकेआर, अपने अधिकतम 15 अंकों के साथ, इन प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच टिके नहीं रह सकती क्योंकि अन्य सभी 16 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं।

## आईपीएल में पिछले छह सत्र से असफल रहे हैं शाहरुख

मुम्बई ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जो हर सत्र में असफल होने के बाद भी करोड़ों की कमाई करने में सफल रहे हैं।ऐसे ही एक खिलाड़ी है। तमिलनाडु की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शाहरुख खान। पिछली छह आईपीएल सत्र में शाहरुख ने अलग-अलग फ्रैंचाइजियों की ओर से खेला है पर एक बार भी वह सफल नहीं हुए हैं।इस प्रकार देखा जाये तो पिछले छह सालों में फ्रेंचाइजी टीमों ने इस खिलाड़ी पर 38 करोड़ रुपये से अधिक लुटा दिये हैं पर परिणाम शून्य रहा है। बल्ले और गेंद से उनका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है।इस सत्र में भी वह गुजरात टाइटंस की ओर से 9 मैचो में 130.30 की स्ट्राइक रेट से केवल 43 रन बना पाये हैं।इस क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए एक बेहतरीन फिनिशर के तौर पर जाना जाता था। 100 से अधिक टी20 मुकाबलों में निचले क्रम में तेज रन बनाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल फ्रेंचाइजियों की नजरों में ला दिया। सबसे पहले साल 2021 में पंजाब किंग्स ने उन्हें 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा पर उनका सत्र सामान्य रहा।पंजाब किंग्स ने उन्हें 2022 और 2023 सीजन के लिए 9-9 करोड़ रुपये में रिटेन किया।शुरुआती कुछ मैचों में उन्होंने अपनी पावर हिटिंग की झलक भी दिखाई, लेकिन निरंतरता का अभाव रहा। इसके बावजूद, आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 7.4 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया।गुजरात ने उन पर लगातार भरोसा बनाए रखा और 2025 तथा 2026 सीजन के लिए 4-4 करोड़ रुपये में रिटेन किया, जिससे उन पर कुल खर्च की गई राशि 38 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई।



## हर कोई बात कर रहा है कि यह आईपीएल अगली पीढ़ी का है, कोहली ने आलोचकों को शतक से जवाब दिया : गावस्कर



रायपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने IPL के मैच में KKR को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने 'स्टार स्पोटर्स' पर कहा, 'विराट कोहली ने KKR के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढ़ी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है।' उन्होंने कहा, 'टी20 शतकों के मामले में वह 10 शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है।उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किए और IPL में नौ शतक लगा चुका है। रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा।' गावस्कर ने यह भी कहा कि चचक्रद्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा, 'RCB के खिलाफ मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा।'

# फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

**-उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी नोरा फतेही**

**लॉस एंजेलिस (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दूनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा।

फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और



लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है।

इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।


फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी। नोरा कनाडा के टोरंटो में स्थित बीएमओ फील्ड में 12 जून को होने वाले इस भव्य समारोह में गायन और नृत्य दोनों प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ कनाडा के दिग्गज कलाकार माइकल बुबले, अलानिस मोरिसेट और एलेसिया कारा सहित कई बड़े कलाकर भी मंच पर नजर आयेंगे।

## नेशंस कप से पहले अभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी वूमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी।वहीं टीम के कोच स्जोर्ड मारिजने के अनुसार अभ्यास मैचों से खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले हालातों के अनुसार ढ़लने में सहायता मिलेगी।वहीं हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में वहां की राष्ट्रीय टीम से चार मुकाबले खेलेगी।ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे।इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी कमजोरियों को दूर रते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

इसके अलावा टीम न्यूजीलैंड भी अभ्यास के लिए जाएगी।यहां भी टीम अभ्यास मैच खेलेगी।भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं।अर्जेंटीना दौरे से वापसी के बाद भारतीय महिला टीम ने बेंगलुरु स्थित साई शिविर में अभ्यास किया था।इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, पेनल्टी कॉर्नर और डिफेंस पर खास ध्यान दिया गया।वहीं ड्रैग-फ्लिकर्स को नीदरलैंड हॉकी के विशेषज्ञ टकेइ टकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में प्रशिक्षण देंगे।कोच ने कहा, हमें खुशी है कि हॉकी इंडिया ने इस दौरे का आयोजन किया।इन मैचों से हमें अपनी कमजोरियां को दूर करने का अवसर मिलेगा।अर्जेंटीना दौरे में हमने टीम का स्तर देखा था और अब हम अपनी प्रगति को परख पाएंगे।

# मेसी के अच्छे प्रदर्शन से इंटर मियामी ने सिनसिनाटी को 5-3 से हराया



सिनसिनाटी ।कप्तान लियोनेल मेसी के दो गोल की सहायता से इंटर मियामी सीएफ ने एफसी सिनसिनाटी को 5-3 से हरा दिया। इस रोमांचक जीत के साथ ही इंटर मियामी ने एमएलएस रेगुलर सीजन के शुरुआती नौ मुकाबलों में सबसे अधिक क 22 अंक हासिल करने के एफसी सिनसिनाटी (2024) के रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मियामी ने 24वें मिनट में मेसी के गोल से बढ़त हासिल की। यह इस सीजन में उनका 10वां गोल था।इसके बाद मेजबान एफसी सिनसिनाटी ने हाफ टाइम से ठीक पहले, 44वें मिनट में पैनाल्टी कार्नर पर केविन डेन्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत से ही सिनसिनाटी का प्रदर्शन अच्छा रहा।पावेल बुचा ने 49वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।इसके बाद इंटर मियामी पर दबाव बढ़ गया पर मेसी ने 55वें मिनट में, डी पॉल के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। यह इस सत्र में उनका 11वां गोल था, सिनसिनाटी ने 64वें मिनट में एवांडर के गोल से एक बार फिर 3-2 से बढ़त बना ली। इंटर मियामी ने इसके बाद जबरदस्त हमले करते हुए बचे हुए समय में गोल दागकर स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मियामी की ओर से 84वें मिनट में जर्मन बर्टेराम ने गोल कर स्कोर 4-3 पर पहुंचा दिया। वहीं अंतिम क्षणों में सिनसिनाटी के गोलकीपर रोमन कैलेटानो की गलती से एक आत्मघाती गोल हो गया जिससे मियामी ने 5-3 से मुकाबला जीता लिया।

# वैभव सूर्यवंशी की भारतीय टीम में एंट्री, श्रीलंका ट्राई सीरीज में खेलते नजर आएंगे 15 वर्षीय बल्लेबाज

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की पुरुष चयन समिति ने गुरुवार को श्रीलंका में होने वाली आगामी एक दिवसीय ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया टीम की घोषणा की। सीरीज जून में खेली जाएगी। भारतीय स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि 15 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी, जिनका IPL 2026 सीजन शानदार रहा है, को भी टीम में शामिल किया गया है।

IPL टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को भारत की आगामी ट्राई-सीरीज के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में प्रतिभाशाली और होनहार घरेलू खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिनमें प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, विपराज



निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान शामिल हैं।

यह चयन भविष्य के अंतर्राष्ट्रीय असाइनमेंट के लिए युवा प्रतिभाओं को तराशने पर इंडिया ए के निरंतर फोकस को दर्शाता है, जिसमें कई IPL और घरेलू खिलाड़ियों को ट्राई-सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। इस ट्राई-सीरीज में मेजबान श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी। सीमित ओवरों की ट्राई-सीरीज के बाद इंडिया ए, श्रीलंका ए के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच भी खेलेगी; इन रेड-बॉल मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। व्हाइट-बॉल सीरीज दांबुला में खेली जाएगी, जबकि मल्टी-डे मैच गाले में होंगे।

श्रीलंका में होने वाली ट्राई-सीरीज 9 जून से शुरू होगी जिसका पहला मैच इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 11 जून को होगा, जिसमें इंडिया ए का मुकाबला अफगानिस्तान ए से होगा। अफगानिस्तान ए का मुकाबला 13 जून को श्रीलंका ए से होगा। सीरीज का चौथा मैच 15 जून को निर्धारित है, जिसमें इंडिया ए एक बार फिर श्रीलंका ए का सामना करेगी, जिसके बाद 17 जून को इंडिया ए बनाम अफगानिस्तान ए मैच होगा। 19 जून को, टूर्नामेंट के छठे मैच में अफगानिस्तान ए का मुकाबला श्रीलंका ए से होगा। ग्रुप चरण का समापन रविवार, 21 जून 2026 को त्रिकोणीय श्रृंखला फाइनल के साथ होगा।

**त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम**

तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

# नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें।इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं।इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है।नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा।नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे।इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं।अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है। वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे।उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा।रोम डायमंड लीग में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे।इसके अलावा पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने का प्रयास करेंगे।श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीज़न की शुरुआत में 89.37 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज करने के बाद में इस इवेंट में एक बड़े दावेदार के तौर पर उतरेंगे।ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर, अमेरिकी एथलीट कर्टिस थॉम्पसन और पोलैंड के डेविड वेगनर भी यहां नजर आयेंगे।

## 6 साल में सरकार ने कमाए सोने के आयात से 1,22,428 करोड़

**नई दिल्ली ।**

देश में सोने के बढ़ते आयात से केंद्र सरकार की कमाई लगातार बढ़ रही है। बीते छह वर्षों में सोने पर लगाए गए आयात शुल्क से सरकार को कुल 1,22,428 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। वर्ष 2025-26 में सोने का आयात 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे सरकार को 37,341 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे पहले 2024-25 में 58 अरब डॉलर के आयात पर 26,402 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारों, शादी सीजन और निवेश के रूप में सोने की बढ़ती मांग के कारण आयात में तेजी आई है। सरकार को आयात शुल्क के जरिए बड़ा राजस्व मिल रहा है, लेकिन इससे व्यापार घाटे पर भी असर पड़ रहा है।

| वर्ष | सोने का आयात (अरब डॉलर) | शुल्क से मिला राजस्व (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 34.6 | 8,269 |
| 2021-22 | 46.1 | 20,376 |
| 2022-23 | 35.1 | 12,293 |
| 2023-24 | 45.5 | 17,747 |
| 2024-25 | 58 | 26,402 |
| 2025-26 | 72 | 37,341 |

## गोल्ड मार्केट में चीन सबसे बड़ी ताकत, अप्रैल 2026 में 8 टन सोना खरीदा

### चीन सोना खरीदकर अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता करना चाहता है कम

**नई दिल्ली।**

चीन इन दिनों दुनिया भर के गोल्ड मार्केट में सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। चीन का केंद्रीय बैंक लगातार बड़े पैमाने पर सोना खरीद रहा है और अप्रैल 2026 तक यह सिलसिला जारी रहा। अब इस खरीदारी ने ग्लोबल मार्केट और डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अप्रैल 2026 में अकेले 8 टन सोना खरीदा। इसके साथ ही चीन के आधिकारिक गोल्ड रिजर्व बढ़कर 7 करोड़ 28 लाख ट्रॉय औंस तक पहुंच गए हैं। मार्च के आखिर तक इन रिजर्व की कुल कीमत करीब 342.76 अरब डॉलर आंकी गई। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की यह खरीदारी सिर्फ सामान्य निवेश नहीं है, बल्कि इसके पीछे लंबी आर्थिक और रणनीतिक सोच है। चीन लगातार अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। यही वजह है कि वह विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा अब सोने में बदल रहा है। हाल के वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव, प्रतिबंधों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता ने बीजिंग को नई रणनीति अपनाने पर मजबूर किया है। चीन मानता है कि सोना ऐसा एसेट है, जिसे कोई देश फ्रीज नहीं कर सकता यानी अगर भविष्य में आर्थिक प्रतिबंध या वैश्विक संकट बढ़ते हैं, तो सोना उसके लिए सुरक्षा कवच का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक एक और बड़ी वजह चीन की अपनी मुद्रा युआन को मजबूत बनाना भी मानी जा रही है। चीन चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की जगह युआन का इस्तेमाल बढ़े। ऐसे में मजबूत गोल्ड रिजर्व उसकी वित्तीय साख बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद चीन लगातार खरीदारी कर रहा है। इससे साफ संकेत मिलता है कि बीजिंग शॉर्ट टर्म मुनाफे के बजाय लॉन्ग टर्म रणनीति पर काम कर रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन फिलहाल बाजार को हिलाने के लिए नहीं, बल्कि धीरे-धीरे एक मजबूत और सुरक्षित रिजर्व तैयार करने के मिशन पर है, लेकिन लगातार बढ़ती मांग का असर ग्लोबल गोल्ड मार्केट पर साफ दिख रहा है। चीन के साथ-साथ आम निवेशकों की खरीदारी भी बढ़ रही है, जिससे सोने की कीमतों को लगातार सपोर्ट मिल रहा है।

## आरबीआई दे सकता है रिकॉर्ड डिविडेंड

### मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार को बड़ी राहत की उम्मीद

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इस वर्ष केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने की तैयारी में है। मिडिल ईस्ट संकट और वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच यह रकम सरकार के लिए बड़ा वित्तीय सहारा साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, आरबीआई बोर्ड की इस महीने होने वाली बैठक में सरकार को दिए जाने वाले डिविडेंड और सरप्लस ट्रांसफर की अंतिम राशि पर फैसला लिया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 789, निफ्टी 277 अंक उछला

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक बढ़कर 75398.72 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक उछलकर 23689.60 के स्तर पर बंद हुआ। आज लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी रही। कारोबार के दौरान दूरसंचार, फार्मा और निजी बैंकिंग शेयरों में में उछाल आया । सेंसेक्स शेयरों में, भारती एयरटेल सबसे बड़ा लाभ कमाने वाला शेयर रहा, जिसके शेयरों में 5 फीसदी से अधिक की तेजी आई। वहीं एटरनल के शेयरों में 3.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2.67 फीसदी की बढ़त हुई, जिससे सेंसेक्स में सबसे अधिक लाभ इन्हीं शेयरों के कारण हुआ। . अदानी पोर्ट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर भी उछले। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुले। सुबह बाजार खुलते ही बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा ऊपर आया जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। सुबह सेंसेक्स 338 अंक बढ़कर 74,947.12 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 118 अंक उछलकर 23,530 पर पहुंच गया। वहीं आज एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 0.47 फीसदी उछला जबकि हांगकांग का हैंग सेंग लगभग 1 फीसदी बढ़ा।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुम्बई ।**




अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भारतीय रुपय तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 95.72 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और अपने ऑल-टाइम लो (सर्वकालिक निचले स्तर) पर पहुंच गया। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 95.86 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 95.74 पर खुला और बाद में और गिरकर 95.86 के स्तर तक आ गया। वहीं बुधवार को रुपया 95.75 पर बंदु हुआ था। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

## डॉलर के मुकाबले क्यों टूट रहा रुपया..जाने कारण

**मुंबई।**

भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में यह 20 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा दिन है जब रुपए ने डॉलर के मुकाबले नया रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ है। बीते तीन दिनों में रुपए में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो घरेलू मुद्रा पर बढ़ते दबाव को दिखाता है। बुधवार को यह 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण हैं, जिसमें कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संकट और अमेरिकी डॉलर की मजबूती शामिल हैं। इन कारकों के चलते, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है, जिसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर खुला और जल्द ही निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव (जिसे लेख में ईरान युद्ध से जोड़ा गया है) के कारण अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 106.10 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, और कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ने और देश के व्यापार घाटे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भी भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, बुधवार को उन्होंने 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर की ब्रिकी की है। जिससे रुपए पर और दबाव बढ़ा।

# समय के साथ भारत ने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को किया मंजूर

**नई दिल्ली।**

कर्नाटक ने 2023 में कारखाना श्रमिकों के लिए 12 घंटे की शिफ्ट की अनुमति दी तब ट्रेड यूनियनों ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में तर्क दिया कि यह बदलाव भारत की उस प्रतिबद्धता का उल्लंघन है जो उसने आईएलओ के काम के घंटे समझौते 1919 के तहत जताई थी। इसके तहत श्रमिकों को अधिकतम प्रतिदिन आठ घंटे और प्रति सप्ताह 48 घंटे काम करने का प्रावधान है। इस प्रकार जो बहस घरेलू स्तर पर उत्पादकता, वेतन और श्रमिकों की पसंद के बीच संतुलन पर होनी चाहिए थी वह एक अंतरराष्ट्रीय मामले में बदल गई। यह अपनी तरह की कोई इकलौती घटना नहीं है। यह एक सदी पहले लिए गए फैसला का परिणाम है। भारत ने काम के घंटों को लेकर खुद को आईएलओ के नियमों के सबसे हस्तक्षेपकारी हिस्से से आबद्ध कर लिया था। भारत आईएलओ का संस्थापक सदस्य है और वह 1922 से ही उसकी संचालन संस्था का स्थायी सदस्य रहा है। समय के साथ हमने आईएलओ के 47 समझौतों और एक प्रोटोकॉल को मंजूर किया। इनमें से 39 अभी तक जारी हैं।

यह समस्या उतनी गंभीर नहीं होती यदि यह समझौता सार्वभौमिक सहमति को दर्शाता। आईएलओ के 187 सदस्य देशों में से केवल 52 ने सी001 को अनुमोदित किया है और केवल 30 ने इसके साथ जुड़े काम के घंटे समझौते, 1930 (सी030) को अनुमोदित किया है। प्रमुख विनिर्माण शक्तियों जैसे अमेरिका, जर्मनी, चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम ने सी001 को अनुमोदित नहीं किया है। वहीं न्यूजीलैंड ने विपरीत रास्ता अपनाया। कई दशकों तक इस संधि का पालन करने के बाद उसने इसे नामंजूर कर दिया और अब कार्य समय को राष्ट्रीय कानून और सामूहिक सौदेबाजी के जरिए नियंत्रित करता है।

भारत एक बड़ा, औद्योगीकरण की प्रक्रिया में शामिल श्रम-संपन्न अर्थतंत्र है जिसने स्वयं को 1919 के युग की कार्य समय संधि के अधीन कर लिया है, जिसे इसके अधिकांश निर्यात प्रतिस्पर्धियों ने टाल दिया है। केवल कार्य समय ही नहीं, बल्कि भारत ने अपनी 47 अनुमोदित संधियों के साथ अन्य बड़े विनिर्माण देशों की तुलना में कहीं ज्यादा सक्रियता दिखाई है। जैसे अमेरिका ने 14 और चीन ने 28 को ही किया है। भारत के संविधान में श्रम को समवर्ती सूची में रखा गया है।

आईएलओ की संधियां केवल सिफारिशें नहीं हैं। आईएलओ का प्रत्यक्ष शिकायत तंत्र और त्रिपक्षीय स्वरूप उसको संयुक्त राष्ट्र की अन्य संस्थाओं से अलग बनाता है। किसी भी नियोक्ता या श्रमिक संगठन, किसी अन्य सदस्य राज्य, अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के किसी प्रतिनिधि, या आईएलओ की अपनी संचालन संस्था द्वारा शिकायत या प्रस्तुति दर्ज की जा सकती है। गंभीर और लगातार मामलों में यह एक आयोगीय जांच का रूप ले सकता है। यदि कोई सरकार आयोग की सिफारिशों को लागू करने से सहमत नहीं होती, तो आईएलओ की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को 'ऐसी कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है जिसे वह उचित और आवश्यक समझे।' आईएलओ के फैसले व्यापार और सहायता की शर्तों में भी शामिल होते हैं। विशेषकर यूरोपीय संघ के साथ और ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन सकते हैं।

# अप्रैल 2026 में थोक महंगाई 8.3 प्रतिशत पहुंची, ईंधन-कच्चे तेल ने बढ़ाया दबाव

**नई दिल्ली।**

देश में अप्रैल 2026 के दौरान थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) तेजी से बढ़कर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च में 3.88 प्रतिशत थी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ईंधन, कच्चे तेल और धातुओं की कीमतों में भारी उछाल इसकी मुख्य वजह है। इस अवधि में थोक मूल्य सूचकांक बढ़कर 167 हो गया, जो मार्च में 160.8 था, जिससे महीने-दर-महीने आधार पर 3.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र में महंगाई सबसे अधिक बढ़ी, जिसकी दर अप्रैल में 24.71 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह महज 1.05 प्रतिशत थी। फ्यूल एंड पावर इंडेक्स 181.7 पर पहुंच गया। खनिज तेल की कीमतों में 29.37 प्रतिशत, पेट्रोल में 32.4 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) में 25.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई 88.06 प्रतिशत तक पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और भू-राजनीतिक तनाव ने विभिन्न क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर थोक महंगाई पर दबाव बढ़ाया है।

प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई भी अप्रैल में बढ़कर 9.17 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 6.36 प्रतिशत थी। इसमें कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में महीने-दर-महीने 16.42 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रमुख रही। वहीं, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई भी मार्च के 3.39 प्रतिशत से बढ़कर 4.62 प्रतिशत हो गई। बेसिक मेटल्स, टेक्सटाइल और केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में कीमतों में खास बढ़ोतरी हुई। डब्ल्यूपीआई के तहत आने वाले 22 विनिर्मित समूहों में से 21 में अप्रैल के दौरान कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक अप्रैल में 2.31 प्रतिशत रहा, जो ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की तुलना में अपेक्षाकृत नियंत्रित कही जा सकती है, भले ही इसमें मार्च के 1.85 प्रतिशत से कुछ वृद्धि हुई हो। कुल मिलाकर, अप्रैल 2026 में बढ़ी हुई थोक महंगाई देश की अर्थव्यवस्था पर लागत-प्रेरित दबाव को दर्शाती है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता और संबंधित वस्तुओं की कीमतों में उछाल है।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए विजन एआई से लैस नेक्स्ट-जेन मिनी एलईडी टीवी

**रांची:** सैमसंग इस साल भारत में अपने 30 शानदार साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर कंपनी ने अपनी नई मिनी एलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये टीवी ज्यादा चमकदार और बेहतरीन तस्वीर तथा एआई-पावर्ड फीचर्स के साथ होम एंटरटेनमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। सैमसंग मिनी एलईडी को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने के लिए डिजाइन किये हैं। 42,990 रुपये की शुरूआती कीमत से उपलब्ध सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी 43 इंच से लेकर 100 इंच तक के स्क्रीन साइज में आते हैं, जो हर तरह के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनका मेटलस्ट्रीम डिजाइन विमान की बनावट से प्रेरित है, जो एक आकर्षक, अल्ट्रा-स्लिम बेजल वाली सिंगल-मेटल बॉडी के साथ किनारे से किनारे तक का शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। उन्नत तकनीक, एआई फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन के इस संयोजन के साथ सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी नेक्स्ट-जेन एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाते हैं। सैमसंग इंडिया के वाइस-प्रेसिडेंट, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर-1 टीवी ब्रांड है। हम अपने नए मिनी एलईडी टीवी के साथ प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं। यह लॉन्च उन्नत डिस्प्ले तकनीक को और सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। तकनीक और एआई के संयोजन से हम एक बेहतरीन व्यूइंग अनुभव देने के लिए पूरी तरह जुटे हैं। हम नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि नेक्स्ट-जेन तकनीक के फायदे देश भर के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचें।

इस लॉन्च की बुनियाद में सैमसंग की उन्नत मिनी एलईडी तकनीक है, जो गहरे कंट्रास्ट, बेहतर स्पष्टता और जीवंत दृश्यों के साथ बेहतरीन पिक्चर क्वालिटी देती है। मिनी एलईडी का आकार सामान्य एलईडी के मुकाबले आधा होता है और ये सटीक लाइट कंट्रोल के जरिए बारीक डिटेल्स और यथार्थवादी गहराई को उजागर करते हैं। प्योर स्पेक्ट्रम कलर हर रंग को जीवंत और असली बनाने के लिए पिक्सल-स्तर की सटीकता सुनिश्चित करता है। उन्नत फॉस्फर तकनीक रंग प्रदर्शन को और निखारती है तथा 90% से अधिक वाइड कलर गैमट के साथ ज्यादा जीवंत और यथार्थवादी दृश्य देती है। कलर बूस्टर और मिनी एलईडी एचडीआर जैसी अतिरिक्त सुविधाएं कंट्रास्ट और रंगों को और निखारती हैं, जिससे हर कंटेंट में हमेशा उच्च गुणवत्ता वाले दृश्य मिलते हैं।

# पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी प्रमुख शहरों में जानें ताजा भाव

**नई दिल्ली।**

14 मई 2026 को देशभर में पेट्रोल और डीजल के नए दाम जारी किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच लोगों की नजरें ईंधन के दामों पर टिकी हुई हैं। हालांकि, दिल्ली और मुंबई सहित कई बड़े शहरों में आज कीमतों में बड़ा बदलाव नहीं देखा गया, लेकिन कुछ अन्य शहरों में हल्की बढ़ोतरी या कमी दर्ज की गई है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है, इसके बाद वैश्विक बाजार में कीमतों का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम लोगों की जेब पर पड़ता है। मध्य-पूर्व में जारी तनाव के कारण दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य पर खतरा बना हुआ है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आने की आशंका है। इसकारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से बिना जरूरत वाहन का उपयोग कम करने, ईंधन की बर्बादी रोकने और ऊर्जा बचाने वाली आदतों को अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने गैर-जरूरी सोने की खरीदारी टालने और खाद्य तेल का सीमित उपयोग करने की सलाह भी दी। आंकड़ों के अनुसार, नई दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर रहा, जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.54 रुपये और डीजल 90.03 रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता में पेट्रोल 105.45 रुपये और चेन्नई में 100.80 रुपये प्रति लीटर दर्ज किया गया। केंद्र सरकार की ओर से फिलहाल ईंधन राशनिंग या देशभर में कीमतों में बड़े बदलाव को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सरकारी सूत्र लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं और सप्लाई चेन को सामान्य बनाए रखने की कोशिश जारी है।

## अमेरिका कंपनियों से बोले शी, चीन में काम करने के बड़े मौके आपके सामने



**बीजिंग।**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए देश में और भी बड़े अवसर पैदा होने का भरोसा दिलाया है। यह बयान उन्होंने बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी ऐतिहासिक मुलाकात के दौरान अमेरिकी अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं से मुलाकात करने के दौरान दिया। ट्रंप के साथ टेस्ला के एलन मस्क, एप्पल के टिम कुक और एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग जैसे दिग्गज बिजनेस लीडर्स का एक बड़ा दल भी बीजिंग पहुंचा था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने कहा, चीन के खुलने का दरवाजा और भी बड़ा होता जाएगा। चीन, अमेरिका के साथ आपसी फायदे वाले सहयोग को मजबूत करने का स्वागत करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि चीन में अमेरिकी कंपनियों के लिए और भी बड़े मौके मिलने वाले है। इस उच्च-स्तरीय अमेरिकी सीईओ समूह में एयरोस्पेस, टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे विविध उद्योगों के दिग्गज शामिल थे। ब्लैकरॉक, ब्लैकस्टोन, बोइंग, कारगिल, सिटी, सिस्को, गोल्डमैन सैक्स, मास्टरकार्ड, मेटा और क्वालकॉम जैसी कंपनियों के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिनपिंग के साथ बैठक की शुरुआत में इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने दुनिया के शीर्ष 30 लोगों को आमंत्रित किया था, और हर किसी ने हां कह दिया। उन्होंने कहा कि वे यहां चीन को सम्मान देने और व्यापार करने के लिए उत्सुक थे, केवल सर्वोच्च स्तर के प्रतिनिधियों को ही चुना गया था। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की संभावनाओं को दर्शाती है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया 'बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड'; ग्राहकों को मिलेगा 'वैल्यू' निवेश का अनुशासित अवसर

**मुंबई:** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (युलिप्स) के लिए 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह फंड ग्राहकों को लार्ज और मिडकैप श्रेणी की आकर्षक वैल्यूएशन वाली कंपनियों में निवेश का अवसर देने और लम्बी अवधि में संपत्ति निर्माण में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, श्री मनीष कुमार ने कहा, ₹यह फंड ग्राहकों को इक्विटी बाजार में भागीदारी करने का एक संरचित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। हमारा ध्यान उन कंपनियों पर है, जिनकी कीमत उनके फंडामेंटल्स के मुकाबले आकर्षक है।₹

इस फंड की रणनीति मुख्य स्तंभों पर टिकी है, जिसमें वित्तीय मापदंडों के आधार पर शेयरों का चयन, विभिन्न क्षेत्रों में विविधता और समय-समय पर समीक्षा तथा रिबेलेंसिंग के साथ एक अनुशासित तथा नियम आधारित निवेश प्रक्रिया में शामिल है।

'इस बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' दरअसल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के विभिन्न यूलिप उत्पादों, जैसे- आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर एश्योर, स्मार्टकिड एश्योर विथ आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर एश्योर और आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस (एसआईपी+) के माध्यम से उपलब्ध होगा। यह फंड लाइफ कवर के साथ ६६६ृस्त्र१४’ीृड्ढे पर भी उपलब्ध है। इसके जरिए ग्राहक लंबी अवधि के इक्विटी निवेश को जीवन बीमा सुरक्षा के साथ जोड़ सकते हैं।


# कुछ निवेशक ने पत्रकारिता की गुणवत्ता और दायरा बढ़ाने में किया निवेश

## फिल्म 'द डेविल वेअर्स प्राडा 2' पत्रकारिता की रवायत को बचाने की कहानी

**नई दिल्ली।**

डेविड फ्रैंकल निर्देशित फिल्म 'द डेविल वेअर्स प्राडा 2' फैशन की दुनिया के बारे में नहीं बल्कि पत्रकारिता की रवायत को बचाने से जुड़ी है। 2006 की उस सुपरहिट फिल्म का सीक्वल, जिसकी कहानी फैशन की दुनिया पर आधारित थी, लेखन, तथ्यों और लोगों तक अनकही कहानियां पहुंचाने के माध्यम की स्तुति है। फिल्म की एक किरदार, ऐंडी सैक्स इस फिल्म में एक फैशन पत्रिका, 'रनवे' में फीचर संपादक के रूप में नजर आईं। पहली फिल्म में वह मिरांडा प्रिस्टली की सहयोगी थीं, जो एक सख्त लेकिन सफल संपादक की भूमिका में थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निश्चित तौर पर अब कहानी वर्ष 2026 की है। डिजिटल दौर ने प्रकाशन संस्थानों की दुनिया पर व्यापक और गहरा असर डाला है। इन प्रकाशन कंपनियों के सलाहकार लागत घटाने, कर्मचारी और फीचर आदि को कम करने में लगे हुए हैं। काफी संघर्ष के बाद, सैक्स और प्रिस्टली को एक निवेशक मिल जाता है जो उस तरह की पत्रकारिता के लिए फंड देने को तैयार हैं जिसे वे करना चाहती हैं और इस तरह कहानी खुशनुमा मोड़ पर खत्म होती है। बता दें अगस्त 2013 में, मशहूर निवेशक जेफ बेजोस ने वॉशिंगटन पोस्ट को 25 करोड़ डॉलर नकद में खरीद लिया। उन्होंने इसे डिजिटल बनाने के साथ ही इसे मुनाफे में लाने में सफलता पाई और बार-बार इसके संपादकीय रुख के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले, परंपरा तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि यह अखबार डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन नहीं करेगा। इसके अलावा कर्मचारियों में एक-तिहाई कटौती की गई और अखबार की संपादकीय नीति बदल गई। अन्य निवेशकों ने भी स्थानीय समाचार पत्रों को खरीदते समय यही किया यानी लागत कम करने के साथ ही कर्मचारियों में कटौती की और ब्रांड मूल्य को शून्य के स्तर पर पहुंचा दिया। हालांकि कुछ निवेशक ऐसे भी रहे जिन्होंने पत्रकारिता की गुणवत्ता और उसके दायरे को बढ़ाने में निवेश किया जैसे कि फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप के जॉन हेनरी ने 'द बॉस्टन ग्लोब' के जरिये ऐसा किया जिसे उन्होंने 2013 में खरीदा।

# दिल्ली-महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का ऐलान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा सहित देश के 16 राज्यों व तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। वैसे तो आयोग ने इन राज्यों को पहले से ही एसआइआर से जुड़ी तैयारी करने के निर्देश दिए थे।

हालांकि, घोषित किए गए कार्यक्रम से हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर व लद्दाख को अलग कर दिया है। इन तीनों ही राज्यों में मौसम की स्थिति को देखते हुए बाद में एसआइआर का कार्यक्रम घोषित होगा।

वहीं एसआइआर के तीसरे चरणों में शामिल सभी 19 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में इसे चरणबद्ध तरीके से कराने का फैसला लिया गया है। पहले चरण में घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम 30 मई से होगा।

आयोग ने इस बीच एसआइआर के तीसरे चरण के कार्यक्रम में जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया है, उनमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली और दमन व दीव शामिल है। इनमें पंजाब, कर्नाटक, तेलंगाना व झारखंड राज्य ऐसे है जहां मौजूदा में विपक्षी दलों की सरकारें है।

आयोग के मुताबिक एसआइआर के इस चरण में इन सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 3.94 लाख बीएलओ को तैनात किया गया है, जो 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जांच करेंगे। इस मुहिम में राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्ति किए गए करीब 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी सहयोग करेंगे। आयोग ने इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट तैनात करने का अनुरोध किया गया, ताकि वह मतदाता सूची को पारदर्शी तरीके से तैयार करने में मदद दे सकें।

आयोग के मुताबिक तीसरे चरण के पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के अतिरिक्त देश के सभी राज्यों में एसआइआर का काम पूरा हो जाएगा। आयोग के मुताबिक एसआइआर को अलग-अलग चरण में कराने का यह फैसला जनगणना की चल रही हाउस लिच्स्टग में कॉमन फील्ड मशीनरी को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। इस दौरान 2026 के अंत तक इन सभी राज्यों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी। इस दौरान ओडिशा, सिक्किम, मिजोरम व मणिपुर में 6 सितंबर को सबसे पहले अंतिम मतदाता सूची आएगी। वहीं त्रिपुरा में 23 दिसंबर को यह खत्म होगी। वहीं हरियाणा की 22 सितंबर को और पंजाब की एक अक्टूबर को आएगी। दिल्ली और झारखंड की सात अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची आएगी। गौरतलब है कि इससे पहले बिहार, उत्तर प्रदेश सहित 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एसआइआर दो चरणों में हो चुका है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



बिहान भारत

**कोलकाताः** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026 की प्रथम बैठक अनिल कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी, अनिल कुमार ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की शुरूआत की ।इस बैठक में समस्त प्रधान विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इसके अलावा, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए।

बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई ।महाप्रबंधक ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपुर्ण सुझाव दिए, जिस पर अमल किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि मंडलों एवं मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विगत तीन महीनों में मुख्यालय के सभी विभागों में हिंदी नोटिंग में अच्छी प्रगति हुई है इसे बनाये रखा जाए ।राजभाषा विभाग द्वारा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा एवं अज्ञेय, फणीश्वर नाथ रेणु जैसे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकारों के जयंती मनाई गयी,हिंदी कविता का आयोजन किया गया । राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जो एक सराहनीय कदम है ।

बैठक में डॉ रश्मि पाल चौधरी, अपर चिकित्सा निदेशक, (चिकित्सा भण्डार) द्वारा मधुमेह से जुड़े मिथक एवं भ्रांतियां विषय पर एक पावर पॉइंट की प्रस्तुति दी गई । बैठक का संचालन ए के पाण्डेय, उप महप्रबन्धक (राजभाषा) ने किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे कर्मचारी बनकर यात्रा कर रहे संदिग्ध यात्री को टीटीआई ने पकड़ा



**धनबाद(बिभा):** जॉर्ज बारला, टीटीआई/धनबाद, गाड़ी संख्या 18604 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में ड्यूटी पर कार्यरत थे। टिकट जांच के दौरान बी-1 कोच के बर्थ संख्या 05 पर एक यात्री बैठा पाया गया। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम नाग मणि शर्मा बताते हुए स्वयं को पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर का सतर्कता निरीक्षक बताया। बातचीत के दौरान उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर टीटीआई द्वारा अपने सहकर्मियों से जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें इस नाम का कोई सतर्कता निरीक्षक हाजीपुर में कार्यरत नहीं पाया गया। इसके उपरांत यात्री से पहचान पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु वह पहचान पत्र दिखाने में आनाकानी करने लगा। बाद में पुलिस को सुपुर्द करने की चेतावनी दिए जाने पर उसने अपना पहचान पत्र प्रस्तुत किया। जांच के दौरान पहचान पत्र एवं आधार कार्ड में उसका नाम ह्लनागमणि कुमारह्व पाया गया, जो उसके द्वारा बताए गए नाम से भिन्न था। इसके पश्चात यात्री को विधिवत टिकट बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रारंभ में उसने कोच छोड़ने की बात कही, परंतु नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उससे 1336/- का ईएफटी शुल्क प्राप्त किया गया तथा बी-1 कोच में खाली बर्थ संख्या 19 आवंटित की गई। जॉर्ज बारला की सतर्कता, सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा से न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित हुआ, बल्कि रेल प्रशासन की सुरक्षा एवं पारदर्शिता व्यवस्था भी परिलक्षित हुई।

### धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान



**धनबाद(बिभा):** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 14.05.26 को धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन-रात चलाया गया। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 1140 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 7,40,000 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा` टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है।

### रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का किया गया सीआरएस निरीक्षण



**हाजीपुर(बिभा):** गुरू प्रकाश, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 12 किमी लंबे रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का आज दिनांक 14.05.2026 को रामभद्रपुर से थलवारा तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया ।मोटर ट्रॉली निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा थलवारा से रामभद्रपुर स्टेशनों के मध्य विशेष ट्रेन द्वारा 120 किमी की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया ।इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि 38 किमी लंबे समस्तीपुर-दरभंगा परियोजना के अंतर्गत अब तक 26 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है ।आज इस परियोजना के अंतर्गत 12 किलोमीटर लंबे रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का दोहरीकरण के पश्चात सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया गया ।इस प्रकार अब 38 किमी लंबे समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है ।

## घाघरा बांधटोली-बिचना सड़क बदहाल, गड्ढों में तब्दील मार्ग से आवागमन प्रभावित

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** मुरहू प्रखंड के गनालोया पंचायत अंतर्गत घाघरा बांधटोली से बिचना जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुँच गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हाल के दिनों में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क के गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है। कई स्थानों पर सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं और कीचड़युक्त रास्ता लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में यह हाल है तो बरसात में तो और भी परेशानी? हो जाता है। इसी सड़क से विद्यार्थी भी विद्यालय और महाविद्यालय जाते हैं। वही जर्जर सड़क पर गड्ढा बचाने के कारण सड़क दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधि इन समस्याओं को जगह पर नहीं उठाते हैं। गाँवों की समस्यायों को लेकर लोग बड़े बड़े सपने दिखाकर चुनाव लड़ते हैं । समाज उद्धार और विकास कराने के वादे करके जीत भी जाते हैं पर, समस्याओं का अम्बार पर कभी पहल तक नहीं करते। और ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नहीं करते। यही कारण है कि गाँवों की सड़कों में भारी वाहन परिचालन के बगैर ही सड़क धँस जाता है। जो यह घाघरा बांधटोली सड़क का जर्जर हालत बयाँ करता है।

## राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए माधवलाल सिंह

**बोकारो।** गोमिया के नेता और बिहार-झारखंड के पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गोमिया प्रखंड के साड़म स्थित बोकारो नदी तट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नदी तट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। अंतिम संस्कार से पूर्व झारखंड पुलिस के सशस्त्र बलों ने दिवंगत नेता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मातमी धुन के बीच जैसे ही राजकीय सम्मान की प्रक्रिया पूरी हुई, समर्थकों की आंखें नम हो गईं। पूरा साड़म क्षेत्र गोमिया का एक लाल कैसा हो, माधव लाल जैसा हो के नारों से गूंज उठा। अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## यात्री सुविधा को सुदृढ़ करने हेतु आसनसोल मंडल द्वारा थूकने एवं गंदगी फैलाने के विरुद्ध विशेष अभियान तेज

बिहान भारत

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर थूकने तथा गंदगी फैलाने के विरुद्ध विशेष अभियान को और अधिक सघन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना तथा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित, स्वास्थ्यकर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। थूकना एवं कूड़ा-कचरा फैलाना न केवल अस्वच्छता उत्पन्न करता है, बल्कि अन्य यात्रियों के लिए असुविधा का कारण भी बनता है। प्रयुक्त चाय के कप, भोजन के रैपर तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को कोचों एवं स्टेशनों पर उपलब्ध डस्टबिन में डालने जैसी छोटी-छोटी आदतें स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यात्रियों का यह जिम्मेदार व्यवहार रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ सभी के लिए यात्रा को अधिक सुखद एवं आरामदायक बनाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के दौरान आसनसोल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा थूकने एवं स्वच्छता संबंधी अन्य उल्लंघनों के कुल 29,643 मामले दर्ज किए गए तथा 55,78,820 का जुमार्ना वसूल किया गया। यह आंकड़े रेलवे परिसरों में स्वच्छता मानकों के प्रभावी अनुपालन एवं यात्री सुविधाओं के सतत उन्नयन को दर्शाते हैं। इसी अवधि में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), आसनसोल मंडल द्वारा स्टेशनों एवं ट्रेनों में तंबाकू सेवन तथा गंदगी फैलाने के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। तंबाकू सेवन से संबंधित 1,288 मामलों में 2,57,600 तथा गंदगी फैलाने के 5,269 मामलों में 10,53,800 का जुमार्ना वसूल किया गया। इस प्रकार आरपीएफ द्वारा कुल 6,557 मामलों में 13,11,400 की वसूली की गई। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के संयुक्त प्रयास रेलवे परिसरों में अनुशासन, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं।

रेलवे अधिनियम, 1989 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत रेलवे परिसर को गंदा करने, थूकने अथवा अस्वच्छ बनाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

थूकना एवं कूड़ा-कचरा फैलाना न केवल स्टेशनों और कोचों की स्वच्छता को प्रभावित करता है, बल्कि इससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ते हैं। साथ ही, रेलवे परिसरों की सफाई में दिन-रात लगे हाउसकीपिंग कर्मियों के कार्यभार और कार्य-जोखिम में भी वृद्धि होती है। डस्टबिन का उपयोग कर तथा थूकने से परहेज कर यात्री सीधे तौर पर अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

यात्रियों को यह भी अवगत कराया जा रहा है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अनुशासन को बढ़ावा देना तथा रेलवे परिसरों में स्वच्छता की स्थायी संस्कृति विकसित करना है।

## आसनसोल मंडल ने स्पॉट इट, रिपोर्ट इट, वी आर ऑन इट स्वच्छता अभियान शुरू

### यात्रियों को अस्वच्छ क्षेत्रों की रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाया गया; रेलवे टीमें 30 मिनट के अंदर जवाब देंगी

बिहान भारत

**आसनसोलः** स्टेशन की स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में नागरिकों की भागीदारी वाली एक बड़ी पहल के तहत पूर्व रेलवे का आसनसोल मंडल 16 मई से 30 मई, 2026 तक मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों पर स्पॉट इट, रिपोर्ट इट, वी आर ऑन इट नामक एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू करेगा।

इस अभियान को इस तरह से तैयार किया गया है कि यात्री रेलवे परिसर को स्वच्छ और हाइजीनिक बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। स्टेशन परिसर के भीतर कूड़ा-कचरा, गंदगी, थूकना या कोई अन्य अस्वच्छ स्थिति देखने पर यात्री तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' (ट्विटर) पर एक तस्वीर अपलोड करके और @DrmAsansol को #ERChallenge हैशटैग के साथ टैग करके मामले की रिपोर्ट कर सकते हैं। शिकायतें रेल मदद और मंडल के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी दर्ज की जा सकती हैं।

किसी भी प्रकार का वैध शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित रेलवे कर्मचारी 30 मिनट के अंदर सुधारात्मक कार्रवाई करेंगे, जिससे स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर त्वरित ध्यान सुनिश्चित होगा और हाइजीनिक स्थितियां तेजी से बहाल होंगी।

यह अभिनव अभियान प्रौद्योगिकी, जन भागीदारी और त्वरित क्षेत्रीय कार्रवाई को मिलाकर एक अधिक जवाबदेह और संवेदनशील स्वच्छता तंत्र तैयार करता है। समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उनकी रिपोर्ट करने में यात्रियों को सीधे तौर पर शामिल करके यह पहल रेलवे प्रशासन और यात्रा करने वाली जनता के बीच एक सुदृढ़ साझेदारी स्थापित करना चाहती है।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे कूड़ा न फैलाकर और स्टेशन परिसर में जहाँ-तहाँ न थूक कर तथा ध्यान देने योग्य किसी भी अस्वच्छ क्षेत्र की तुरंत रिपोर्ट करके इस अभियान का समर्थन करें। रेलवे परिसर के भीतर कूड़ा फैलाना और थूकना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है, और ऐसा करने वालों पर 500 तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

इस केंद्रित पहल के माध्यम से आसनसोल मंडल का उद्देश्य स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुदृढ़ करना और यात्रियों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और अधिक सुखद यात्रा वातावरण प्रदान करना है।

## जागरूकता से कार्रवाई तकः पूर्व रेलवे ने त्वरित प्रतिक्रिया चुनौती के साथ स्वच्छता को दी नई पहचान

बिहान भारत




**कोलकाताः** पिछले एक महीने से, पूर्व रेलवे जोन में पहियों की लयबद्ध गड़गड़ाहट के साथ एक नई, सशक्त भावना गूंज रही हैः ऱस्वच्छता क्रांतिऱ की भावना। भारतीय रेल विरासत के 173 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए, पूर्व रेलवे ने पारंपरिक समारोहों से हटकर स्वच्छता के लिए एक ऊर्जावान अभियान की ओर कदम बढ़ाया है। महाप्रबंधक श्री मिलिंद देऊस्कर के दूरदर्शी नेतृत्व में, जोन ने 15 अप्रैल से 14 मई तक स्वच्छता जागरूकता अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिससे स्टेशन और कोच बदलाव के गलियारे बन गए। इस विशाल परिवर्तन का हर पहलू पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री मिलिंद देऊस्कर के प्रत्यक्ष नेतृत्व और मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस प्रयास ने केवल झाडू तक सीमित न रहकर, सियालदह, हावड़ा, मालदा और आसनसोल—सभी चार मंडलों को एकजुट कर रेलवे नेटवर्क को करोड़ों यात्रियों का साझा घर मानते हुए आगे बढ़ाया।

पहले चरण में पूर्व रेलवे के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की उमंग भरी ऊर्जा से प्रेरित एक अभूतपूर्व ऱजन आंदोलनऱ देखने को मिला। हावड़ा के प्लेटफार्म से लेकर मालदा की रेलवे कॉलोनियों तक, इन युवा स्वयंसेवकों ने न केवल सफाई की, बल्कि लोगों को प्रेरित भी किया। कांचरापारा में रचनात्मक नुक्कड़ नाटकों, बर्द्धमान में नारा लेखन प्रतियोगिताओं और यहां तक कि नैहाटी में बच्चों को जोड़ने के लिए मिकी माउस और छोटा भीम जैसे लोकप्रिय शुभंकरों के उपयोग के माध्यम से, इस अभियान ने एक सामान्य प्रशासनिक कार्य को सामाजिक परिवर्तन की एक जीवंत कहानी में बदल दिया। महाप्रबंधक और अपर महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं स्टेशनों का दौरा किया और पूर्वा एक्सप्रेस और विभिन्न एमईएमयू सेवाओं जैसी ट्रेनों में सवार होकर यात्रियों से बातचीत की, उनकी प्रतिक्रियाएँ एकत्र कीं और उन्हें ट्रेन में मौजूद कूड़ेदानों का उपयोग करने और जैव-शौचालयों को कचरे से मुक्त रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस व्यापक जनसमर्थन और उत्साह को आगे बढ़ाते हुए, पूर्व रेलवे 16 मई से 30 मई 2026 तक चलने वाले कार्यक्रम के दूसरे चरण की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। इस चरण में एक क्रांतिकारी त्वरित प्रतिक्रिया का वादा शामिल है, जिसका उद्देश्य ह्लइसे देखें, इसकी सूचना दें, हम इस पर कार्रवाई करेंगेह्व पहल के माध्यम से स्वच्छता की शक्ति सीधे यात्रियों के हाथों में देना है।

यात्रियों के लिए इन ट्रेनों और स्टेशनों को अपना दूसरा घर मानने की भावना को ध्यान में रखते हुए, पूर्व रेलवे #ईआर चैलेंज की शुरूआत कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत यात्रियों को स्टेशन परिसर में किसी भी गंदगी की स्पष्ट तस्वीर लेने और उसे आधिकारिक ऱऱ (पहले ट्विटर) या फेसबुक हैंडल—जैसे @ऱ्रिंङ्म६१ँ, @ि२ऱ्रँ, @ि१ि’ां, या @उ२ी अऱ्२ल्ल२ङ्म’—पर #ईआर चैलेंज हैशटैग के साथ पोस्ट करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। रेलमदद ऐप के माध्यम से भी शिकायतें दर्ज की जा सकती है, और रेलवे ने रिपोर्ट मिलने के मात्र 30 मिनट के भीतर कार्रवाई करने का वादा किया है।

यह दूसरा चरण तकनीक और समर्पित कार्यबल का एक अनूठा संगम है, जिसमें चारों विभाग और सभी आंतरिक विभाग चौबीसों घंटे असंभव को संभव बनाने के लिए तत्पर हैं। जनता को वास्तविक समय की निगरानी में शामिल करके, पूर्व रेलवे का लक्ष्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना और सभी के लिए एक स्वस्थ और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करना है। हालांकि, प्रशासन यह भी याद दिलाता है कि इस मानक को बनाए रखना एक सामूहिक कर्तव्य है। रेलवे परिसर में कूड़ा फेंकना या थूकना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है, जिसके लिए ?500 तक का जुमार्ना हो सकता है। लक्ष्य अस्थायी सफाई अभियानों से आगे बढ़कर एक स्थायी नागरिक गौरव की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जहां प्रत्येक यात्री पटरियों की सुंदरता को संरक्षित करने में सहभागी बने।

जागरूकता फैलाने से लेकर वास्तविक समय में समाधान प्रदान करने तक के इस बदलाव पर विचार व्यक्त करते हुए, पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शिबराम माझि ने कहाः ऱहमारा पहला चरण मानसिकता को साफ करने से संबंधित था, और यह दूसरा चरण त्वरित कार्रवाई के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को साबित करने के बारे में है। हम चाहते हैं कि प्रत्येक यात्री इस यात्रा में एक भागीदार महसूस करे। 30 मिनट के #ईआर चैलेंज की शुरूआत करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वच्छता केवल एक वादा नहीं बल्कि आपकी उंगलियों पर एक उपलब्ध एक वास्तविकता बने। हम प्रत्येक यात्री से आग्रह करते हैं कि वे रेलवे परिसर को उसी सावधानी से संभालें जैसे वे अपने घरों को संभालते हैं। जब नागरिक और रेलवे मिलकर काम करते हैं, तो हमारा नेटवर्क केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का स्वच्छ और सुंदर प्रतीक बन जाता है।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि. (एसएच प्रिंटर प्रा.लि.), काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com